दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। गुरुवार 27 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 69 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली । गुरुवार 27 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 69 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

## सीएम योगी आज करेंगे महाकुंभ पर्व का समापन

### अंतिम स्नान पर्व पर उमड़ा सैलाब



**प्रयागराज।** 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ बुधवार को महाशिवरात्रि के साथ समाप्त हो रहा है। इस आयोजन का औपचारिक समापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 फरवरी को प्रयागराज में करेंगे। सीएम ने इसका ऐलान 27 नवंबर को प्रयागराज में एक कार्यक्रम के दौरान किया था। परेड मैदान पर हुए इस आयोजन में सीएम ने कहा था कि हम अभी शुरूआत में आ रहे हैं और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के बाद महाकुम्भ के सफल आयोजन के बाद एक बार फिर आएंगे। सीएम के प्रयागराज आगमन का मिनट टू मिनट कार्यक्रम तो अभी नहीं आया है, लेकिन अफसरों ने उनके आगमन की पुष्टि कर दी है।

इस दौरान मुख्यमंत्री प्रयागराज में महाकुम्भ के सफल आयोजन पर गंगा पूजन कर सकते हैं, साथ ही अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर दर्शन के लिए जाएंगे।

वहीं गंगा पंडाल में उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है। जहां पर महाकुम्भ को दिव्य-भव्य और डिजिटल बनाने वाले लोगों को मुख्यमंत्री सम्मानित भी करेंगे। महाकुम्भ में बनाए गए चारों विश्व रिकार्ड के प्रमाणपत्र भी सीएम के सामने दिए जाएंगे। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे के आसपास आएंगे। इसके पूर्व सुबह 10 बजे तक ही चौथा विश्व रिकॉर्ड बनाने का काम पूरा हो जाएगा।




# लाखों श्रद्धालुओं ने किया दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक

## राज्य मंत्री, पूर्व सांसद और शहर विधायक ने की मंदिर में पूजा-अर्चना

- दिनभर लगी रही भोलेनाथ के भक्तों की लाइन
- सीपी अजय मिश्र, एडिशनल सीपी कार्यवाहक राजेश कुमार सहित पुलिस बल रहा सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार की देर रात से ही शहर के सबसे प्राचीन और विशाल दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कार्यक्रम शुरू हो गया था। जो बुधवार की देर रात तक जारी रहा। बीते 24 घंटों के दौरान दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में लाखों की संख्या में भोले बाबा के भक्तों ने भगवान दूधेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर और आसपास का नजारा शिव मय नजर आया। वहीं मंगलवार देर रात से ही भोले बाबा के भक्तों ने भगवान आशुतोष का जलाभिषेक शुरू कर दिया था। तो कोई भक्त भगवान को गंगाजल से स्नान करने पहुंचा। तो किसी ने दूध, देसी घी, शहद, पंचमेवे, भांग, धतूरा फूल और गन्ने के रस से स्नान करवाया है। तो किसी ने यहां फूल, पंचमेवे, बेलपत्र और 108 प्रकार के छप्पन भोग का प्रसाद दूधेश्वरनाथ मंठ मंदिर पर भगवान को अर्पित करने का काम किया है। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। इस मौके पर जलाभिषेक करने के लिए मंदिर के मुख्य मार्ग पर लंबी-लंबी कतारें भी नजर आई। वहीं भीड़ और अन्य व्यवस्थाओं को कंट्रोल करने के लिए पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र के निर्देश पर एडिशनल सीपी कार्यवाहक राजेश कुमार, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी भास्कर वर्मा, एसीपी श्वेता यादव ,एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद सहित बड़ी संख्या में पुलिस को लगाया गया था। इसके साथ ही रूट डॉयवर्जन के साथ ही विशेष पार्किंग व्यवस्था भी की गई थी। कुल मिलाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कार्यक्रम बीते 24 घंटे के दौरान लगातार चला और इस दौरान कई अति महत्वपूर्ण लोगों ने भी भगवान दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

### दिनभर लगा रहा जलाभिषेक करने वालों का तांता

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को लेकर अलग आस्था है और यही वजह है कि महाशिवरात्रि पर्व के चलते दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में बीते 24 घंटे शिव भक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान भोलेनाथ की दूधेश्वरनाथ मंदिर के शिवलिंग पर जल अर्पित किया गया। साथ ही भगवान भोलेनाथ पर अलग-अलग प्रकार के भोग और प्रसाद को भी चढ़ाने का काम किया गया। इस दौरान मंदिर के मुख्य मार्ग से लेकर विजयनगर, कैला भट्टा, जीटी रोड और जिला अस्पताल के सामने तक शिव भक्तों की कतार भी लगी रही। कुछ लोग पैदल पहुंचे, तो कुछ भगवान से आशीर्वाद लेने के लिए लेट कर और दौड़कर भी जल चढ़ाने पहुंचे।



### पुलिस और प्रशासन के अधिकारी रहे व्यवस्थाओं में मौजूद



करंट क्राइम : महाशिवरात्रि के आयोजन को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए खुद पुलिस आयुक्त अजय मिश्र मौके पर काफी देर तक मौजूद रहे। तो वहीं एडिशनल सीपी कार्यवाहक राजेश कुमार सिंह सहित अलग-अलग जोन के एसीपी, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया था। इसके साथ ही सीसीटीवी, ड्रोन और रूफ टॉप ड्यूटी के जरिए भी मंदिर परिसर और आसपास की सुरक्षा व्यवस्था संभाली गई। इसके साथ ही सिविल डिफेंस और डिजिटल वालंटियर फोर्स के सदस्यों को भी यहां सुरक्षा इंतजामों में लगाया गया था।

### राज्य मंत्री, पूर्व सांसद और शहर विधायक ने किया जलाभिषेक





करंट क्राइम : बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पूजा अर्चना और जलाभिषेक करने पहुंचे थे। उन्होंने महंत नारायण गिरी से मुलाकात की, फिर भगवान दूधेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल भी महाशिवरात्रि के अवसर पर दूधेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे। वहीं शहर विधायक संजीव शर्मा भी महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा अर्चना करने के लिए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचे थे।

### जीटी रोड से मंदिर तक नंगे पांव गए शहर विधायक

करंट क्राइम : महाशिवरात्रि के पर्व पर विधायक संजीव शर्मा प्रोटोकॉल और वाहनों को जीटी रोड पर बनी पार्किंग और पुलिस सुरक्षा बूथ पर छोड़ कर गए। वह वहां से नंगे पांव पैदल ही भगवान दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### शहर के सभी शिव मंदिरों पर हुआ जलाभिषेक, चारों ओर गूंजा हर-हर महादेव

करंट क्राइम : शहर के प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के साथ ही अलग-अलग इलाकों और सोसाइटियों के शिव मंदिरों में भी लोगों ने सुबह से ही महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया। इस दौरान चारों ओर हर हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही थी। तो वहीं कवि नगर के स्वयं भूदेव मंदिर, राजनगर के शिव मंदिर, गोविंदपुरम स्थित शिव मंदिर, चिरंजीव विहार, सेक्टर-23, गांधीनगर, नेहरू नगर, साहिबाबाद, मोहन नगर स्थित प्राचीन मंदिर, इंदिरापुरम और शहर के अलग-अलग इलाकों के मंदिरों में लोगों ने महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक किया।

### 108 प्रकार के पकवानों का लगाया गया भोलेनाथ को भोग : महंत नारायण गिरी

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया है कि महाशिवरात्रि के चलते दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में चारों पहर विशेष पूजा अर्चना और भगवान दूधेश्वर नाथ का श्रृंगार किया गया। इसी के साथ 108 प्रकार के अलग-अलग पकवान और भोजन भगवान को अर्पित किए गए थे। इसके साथ ही गंगाजल, दूध, गन्ने के रस, शहद, घी सहित पंचमेवे से भी सजावट करने के साथ पूजा अर्चना की गई।

## 15 घंटे में दो भीषण सड़क हादसे, पांच लोगों ने गंवाई जान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के हाईवे लगातार सड़क हादसों से लाल हो रहे हैं। बीते 15 घंटे के दौरान ही देहात जोन के अंतर्गत आने वाले दो थानाक्षेत्रों में अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों ने अपनी जिंदगी गंवाई है। पहला हादसा भोजपुर थानाक्षेत्र में हुआ, जहां हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई जबकि दो घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। यह हादसा रात करीब एक बजे भोजपुर थानाक्षेत्र में हुआ था। तो वहीं बुधवार को मसूरी अंडरपास पर एक इलेक्ट्रिक बस अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में बस ने सड़क पर जा रहे हैं लोगों में टक्कर मारी। हादसे में रेशमा नाम की महिला और उसकी बेटी आफिया की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में चार अन्य लोग घायल हैं। जिसमें दो पुरुष आसिफ और मुस्तकीम हैं और दो बच्चियों आयशा व माही नूर शामिल हैं। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों ही सड़क हादसों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की वजह दोनों में ही रफ्तार व ओवर स्पीडिंग बताया जा रहा है।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार रात एक बड़ा हादसा हुआ। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे पांच भक्तों को तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने इतनी जोरदार टक्कर मारी की। हादसे में तीन कावड़ियों की मौत हो गई जबकि दो घायल हैं। मृतकों की पहचान फरीदाबाद निवासी देवेंद्र, हरेंद्र और अजय के रूप में हुई है। वहीं घायल सुंदर और सुनील का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फरीदाबाद के गांव मोहम्मदपुर निवासी राहुल ने पुलिस को बताया है कि यह सभी कांवड़ लेकर हरिद्वार से लौट रहे थे, गंगा जल लेकर इन्हें फरीदाबाद जाना था।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है की दुर्घटना में शामिल गाड़ी मेरठ आरटीओ में पंजीकृत है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक पर देवेंद्र, हरेंद्र और अजय थे। तो वहीं दूसरी बाइक पर सुनील और सुंदर सवार थे। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने कई वाहनों को ओवरटेक करते हुए दोनों बाइक पर टक्कर मारी थी। जिससे हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हुई है।

देहात जोन के अंतर्गत आने वाले मसूरी थानाक्षेत्र में अंडरपास पर एक इलेक्ट्रिक बस अनियंत्रित होकर हादसे का कारण बनी। बस ने सड़क पर जा रही रेशमा नाम की महिला और उसकी बेटी शाफिया को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें चार लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बस को कब्जे में शेष, पृष्ठ 5

## चादर गैंग का सरगना एक लाख का इनामी राहुल पासवान गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच की टीम ने इंदिरापुरम के एक घड़ी शोरूम से अगस्त 2024 में करोड़ों रुपए की घड़ी चुराने वाले गैंग के सरगना राहुल पासवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 36 हजार रुपये की एक ब्रांडेड घड़ी बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस ने यह भी बताया है कि यह कक्षा नौ तक पढ़ा हुआ है। पहले इसने नॉनवेज की ठेली लगाई और फिर राजमिस्त्री का काम किया। बाद में इसने महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में अपना नेटवर्क बनाया और अब तक यह 15 से अधिक चोरी की बड़ी वारदात कर चुका है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपी राहुल पासवान मूलरूप से बिहार के घोड़ासहन का रहने वाला है। इसके गैंग के अब तक 10 सदस्यों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।



क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि राहुल पासवान चादर गैंग का सरगना है। यह लोग किसी भी दुकान शोरूम में वारदात करने से पहले चंद सेकंड में चादर बिछाकर खुद को कवर लेते हैं ताकि इनकी शक्ल किसी को ना दिखाई दे और सड़क से गुजरने वाले लोगों को कुछ मालूम ना चल सके। पुलिस इनसे शेष, पृष्ठ 5

# इंटरजोनल वेटरन चैंपियनशिप का हुआ शानदार आगाज

## पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने किया मैच का शुभारंभ और प्रवीण त्यागी ने दिया मैन आफ द मैच पुरस्कार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वेटरन क्रिकेट के क्षेत्र में वीवीआईपी चेयरमैन तथा बीवीसीआई अध्यक्ष प्रवीण त्यागी का एक बड़ा योगदान रहा है। उन्हीं के प्रयासों से इंटरजोनल वेटरन चैंपियनशिप का आगाज हुआ। दिल्ली वेटरन ने उत्तर प्रदेश वेटरन को 8 विकेट से हराया। बीवीसीआई अध्यक्ष प्रवीण त्यागी, यूपीसीआई अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने मैन ऑफ द मैच दीपक शर्मा को पुरस्कार दिया। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ प्रवीण त्यागी, रविन्द्र त्यागी, विश्वजीत सिंह, अतुल शर्मा, दीपक त्यागी, विजय बंसल, मुकेश त्यागी, दुष्यंत त्यागी, आलोक सक्सेना, नलिन जैन, प्रवीण श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद रहे। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश की टीम ने एक विकेट खोकर 159 रन बनाए। अंशुल कपूर 42, यज्जू 36 और सुनील ने 25 रन का योगदान दिया। संजय सैनी ने 3, दीपक शर्मा व कपिल मेहता ने 2-2 विकेट लिये।

इसके जवाब में दिल्ली वैटरन की टीम ने 19.1 ओवर में दो विकेट खोकर 162 रन बनाकर 8 विकेट से जीत दर्ज की। दीपक शर्मा ने 52 व सोहेल ने 59 रन का योगदान दिया।







### वीवीआईपी मैन प्रवीण त्यागी ने दी है गाजियाबाद को एक पहचान



कुछ लोग शहर की शान होते हैं कुछ लोग अपने व्यवहारसे, अपने काम से एक बड़ा मुकाम हासिल करते हैं। गाजियाबाद की बात करें तो प्रवीण त्यागी ने क्रिकेट से लेकर बिल्डर के क्षेत्र में एक पहचान दी है। उन्होंने गाजियाबाद को एक शानदार स्टेडियम दिया है। खेल की सुविधाएं दी हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया है। सबसे बड़ी बात ये है कि युवा खिलाड़ियों से लेकर वरिष्ठ खिलाड़ियों को मौका दिया है। वैटरन क्रिकेट इसी की पहचान है। गाजियाबाद की सख्शियत ने देश के दूसरो राज्यों में ना केवल अपनी पहचान बनाई है बल्कि शहर को भी एक पहचान दी है। उन्होंने अपनी कार्यशैली से ये दिखाया है कि अगर इरादें मजबूत हों तो सफलता भी मिलती है। प्रवीण त्यागी ने वैटरन क्रिकेट के माध्यम से क्रिकेट के एक नए फॉर्मेट को जन्म दिया है और उन्हें एक तरीके से वैटरन क्रिकेट के ग्लेमर्स फार्मेट का जनक भी कहा जा सकता है।

# महाकुंभ : महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं पर की गई फूलों की वर्षा

## संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 65 करोड़ के पार पहुंचा

**प्रयागराज।** महाकुंभ के अंतिम पावन स्नान पर्व महाशिवरात्रि के लिए देश विदेश के श्रद्धालु मंगलवार की रात से ही संगम तट पर पहुंचने लगे। महाशिवरात्रि के महापर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था अपने शिखर पर नजर आई, जिसके फलस्वरूप दोपहर 12 बजे तक पवित्र संगम में एक करोड़ लोगों ने स्नान कर लिया। श्रद्धालुओं के इतने बड़े जनसागर के संगम तक पहुंचने और पवित्र स्नान के बाद उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मंगलवार रात से ही मेला क्षेत्र में बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) पर जरूरी संदेश प्रसारित किए जाने लगे। क्राउड मैनेजमेंट को लेकर सजगता बरतते हुए प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं के सुगम स्नान का मार्ग प्रशस्त किया।

### व्यापक इंतजाम

महाकुंभ प्रशासन की ओर से देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक इंतजाम किया गया। जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके अलावा स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताकर शीघ्र गंतव्य की ओर बढ़ने की लोगों से बराबर अपील भी की जाती रही। जिससे श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि के स्नान के लिए बड़ी सुविधा मिली।

### घाटों पर रात से ही दिए गए दिशा-निर्देश

मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रतिदिन सवा करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। महाशिवरात्रि के इस महाआयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मेला प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए। घाटों पर भीड़ नियंत्रण से लेकर डिजिटल सूचना प्रणाली तक से श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं प्रेषित की जाती रहीं।

मेला प्रशासन ने जगह जगह बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले लगाकर श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताएं और शीघ्र अपने गंतव्य की ओर बढ़ें।








### सीएम योगी की उम्मीदों के पार पहुंचा आंकड़ा

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी।

### महाकुंभ में व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए सुबह चार बजे से डटे रहे सीएम योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भी सुबह से ही एक्टिव नजर आए। बीते सभी अमृत स्नान और स्नान पर्व की तरह मुख्यमंत्री जी सुबह तड़के 4 बजे से ही व्यवस्थाओं को देखने के लिए कंट्रोल रूम पहुंच गए। गोरखपुर प्रवास के चलते उनके लिए गोरखनाथ मंदिर में ही कंट्रोल रूम स्थापित किया गया, जहां वह स्नान पर्व पर पल-पल की मॉनीटरिंग करते नजर आए। टीवी पर उन्होंने श्रद्धालुओं के स्नान की एक-एक फीड को लाइव देखा और कंट्रोल रूम से ही आला अधिकारियों को निर्देशित किया। सीएम योगी के निर्देश पर समस्त आला अधिकारी भी मुस्तैद नजर आए और सुबह से ही उन्होंने भी मोर्चा संभाल लिया। इससे पूर्व सीएम योगी ने बसंत पंचमी और माघ पूर्णिमा अमृत स्नान के अवसर पर भी प्रातः से वॉर रूम में अधिकारियों के साथ बैठक की थी और मॉनिटरिंग करते रहे थे। महाशिवरात्रि अमृत स्नान के साथ ही बुधवार को महाकुम्भ 2025 का समापन होना है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया।

### कई देशों की आबादी से अधिक लोगों ने लगाई डुबकी



तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर 65 करोड़ का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया। महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर सुबह आठ बजे तक ही लाखों लोगों ने स्नान कर इस महारिकॉर्ड को कायम किया। यह महाकुंभ श्रद्धालुओं की संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। कुंभ ही नहीं, दुनिया के किसी भी आयोजन में आज तक एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं जुटे हैं, जितने 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुट गए। यह संख्या कई देशों की आबादी से भी कई गुना ज्यादा है। 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

### संगम तट पर विशाल जनसमूह

65 करोड़ श्रद्धालुओं के किसी एक स्थान पर जुटने का इतिहास में और कोई उदाहरण नहीं दिखता। सनातन के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था, दृढ़ निश्चय और विश्वास का ही यह फल है कि संगम तट पर इतना विशाल जनसमूह 45 दिनों में जमा हो गया। यदि इस संख्या की दुनिया भर के देशों की आबादी से तुलना की जाए तो कई



देशों की आबादी इसमें समा जाएगी। अमेरिका की दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुनी से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां अब तक आ चुके हैं। यही नहीं, जापान की पांच गुनी आबादी, यूके की 10 गुनी से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुनी से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई है।

### विदेशी श्रद्धालुओं ने साझा किए अनुभव, महाकुंभ को बताया अद्भुत और अविस्मरणीय पल



महाकुंभ अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लंदन, ब्राजील, मैक्सिको और अमेरिका समेत दुनिया के कई अन्य देशों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान किया और भारतीय संस्कृति की गहराई को करीब से महसूस किया। इन विदेशी श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय पल बताया। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से 26 फरवरी के मध्य आयोजित किए गए महाकुंभ ने विश्व भर से करोड़ों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित किया। विदेशी भक्तों के अनुभव इस बात का प्रमाण हैं कि महाकुंभ न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और आतिथ्य का वैश्विक मंच भी बन गया है। लंदन से आई एक श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा कि यहां आकर मुझे बहुत खुशी और शांति मिली। भीड़ का माहौल अनुभव करने लायक है, यह अद्भुत है।

### यूपी डीजीपी बोले- महाकुंभ में हमने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा का अभूतपूर्व मॉडल प्रस्तुत किया



यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि पर पूरे प्रदेश में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शिव मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। आज महाकुंभ का अंतिम दिन है और 45 दिनों में प्रयागराज में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार, हमने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और तकनीकी दृष्टि से एक अभूतपूर्व मॉडल प्रस्तुत किया है। हमने भीड़ नियंत्रण और निगरानी के लिए विश्वस्तरीय तकनीकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया है। सभी एजेंसियों के सहयोग से हम अभूतपूर्व प्रदर्शन करने में सफल रहे। अयोध्या, वाराणसी और विंध्यवासिनी देवी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जो प्रयागराज में स्नान करने के बाद दर्शन के लिए गए। महाकुंभ बिना किसी बड़ी त्रासदी के संपन्न हुआ। हमने रेलवे के साथ तालमेल बनाकर काम किया। स्नान के दिनों में 5 लाख से अधिक लोगों ने रेल सेवाओं का उपयोग किया जबकि अन्य दिनों में यह संख्या 3-4 लाख रही। हमें पूरी आस्था थी और जैसा कि मैंने पहले कहा था, यह हमारे लिए एक चुनौती नहीं बल्कि एक अवसर था। हमारे सुरक्षाकर्मी 45 दिनों तक मैदान में सक्रिय रहे और इससे पहले दो महीने की गहन ट्रेनिंग प्राप्त की।

# महाशिवरात्रि पर सीएम रेखा गुप्ता ने चांदनी चौक के गौरी शंकर मंदिर में की पूजा-अर्चना

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर पहुंची उनके साथ चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल भी मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने गौरी शंकर मंदिर में रुद्राभिषेक किया और दिल्ली के लोगो के लिए मंगल कामना की।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान भोलेनाथ और मां गौरा की कृपा सभी पर बनी रहे और देश-राजधानी प्रगति की ओर बढ़े।

रेखा गुप्ता ने कहा, मैं महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। मेरी प्रार्थना है कि भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की कृपा से सबका जीवन सुखमय हो, सभी को सुख-शांति मिले और हमारा देश निरंतर तरक्की करे।

**महाशिवरात्रि का महत्व :** महाशिवरात्रि हिंदू धर्म में एक प्रमुख त्योहार है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की स्मृति में मनाया जाता है। इसे फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। इस दिन भक्त व्रत रखते हैं, भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं और पूरी रात जागकर भजन-कीर्तन करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कई श्रद्धालु इस दिन उपवास रखते हैं और शिव मंदिरों में जाकर जल, दूध, शहद और बेलपत्र अर्पित करते हैं।

**दिल्ली में महाशिवरात्रि पर विशेष तैयारियां :** महाशिवरात्रि के मौके पर दिल्ली के प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। कालकाजी मंदिर, झंडेवालान मंदिर, नीलकंठ मंदिर और चटर्जी शिवालय समेत कई स्थानों पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

सरकार की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने प्रमुख मंदिरों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों से इस पावन पर्व को प्रेम, शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है।

# 2 मई को सुबह 7 बजे खुलेंगे केदारनाथ के कपाट




**उत्तराखंड:** विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम के कपाट आगामी 2 मई को प्रातः 7 बजे खुलेंगे। कपाट खुलने की तिथि बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में आयोजित समारोह में पूजा-अर्चना तथा पंचांग गणना के पश्चात, विधि-विधान से घोषित की गई है।

आपको बता दें कि 28 अप्रैल को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मन्दिर से कैलाश के लिए रवाना होगी। प्रथम रात्रि प्रवास के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली विभिन्न यात्रा पड़ावों पर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए 1 मई को केदारनाथ धाम पहुंचेगी।

वहीं, 2 मई को सुबह 7 बजे वृश्चिक लग्न में भगवान केदारनाथ के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए जाएगे। केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के अवसर पर केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल भी मौजूद थी। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। कहा कि सरकार यात्रा को सुगम बनाने के हर संभव प्रयास कर रही हैं। वहीं, शिवरात्रि पर्व पर केदारनाथ के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है।

भव्य रूप से फूलों से सजाए गए ओंकारेश्वर मंदिर में इस दौरान केदारनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी रावल भीमाशंकर लिंग, केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल, मंदिर समिति के पदाधिकारियों और धर्म अधिकारियों के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद थे ।

थपलियाल ने बताया कि द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक केदारनाथ मंदिर के कपाट दो मई, शुक्रवार को मिथुन राशि और वृष लग्न में सुबह सात बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने का मुहूर्त निकलने के साथ ही गढ़वाल हिमालय के चारों धामों के खुलने की तिथि तय हो गई है। बद्रीनाथ धाम के खुलने की तिथि चार मई है। जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व पर खुलेंगे।

# प्रभु श्रीराम के आराध्य भोलेशंकर के महापर्व पर अयोध्या में उमड़ी भीड़

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के आराध्य भगवान भोलेशंकर के महापर्व शिवरात्रि पर आज श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में श्रीराम लला के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या उमड़ी। कुबेर टीला स्थित शिव मन्दिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं अभिषेक तथा पूजा अर्चना की गई।



तीर्थ क्षेत्र न्यास ने प्रशासन के साथ मिलकर पूर्व आकलन के आधार पर पहले से ही समस्त तैयारी कर रखी थी इसलिए भीड़ प्रबंधन में कोई समस्या नहीं आई। ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र एवं विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी व मन्दिर के व्यवस्था प्रभारी गोपालजी ने दर्शन की व्यवस्था बनाने में दिन रात एक कर रखा था इसलिए कहीं कोई समस्या नहीं आई।

महाकुंभ से आ रहे श्रद्धालुओं की भारी संख्या इस समय अयोध्याधाम में है। इसके अलावा स्थानीय और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में स्नान पूजन के लिए सरयू तट और नागेश्वर नाथ मन्दिर पहुंचे। इसके अतिरिक्त हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल सहित सभी प्रमुख मन्दिरों में श्रद्धालुओं की अपार संख्या दर्शन पूजन के निमित्त पहुंची है।

महाशिवरात्रि पर रामलला के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु। महाशिवरात्रि पर रामलला को बेहद आकर्षक तरीके से तैयार किया गया है। अयोध्या के कुबेरटीला पर स्थित जटायु प्रतिमा।

# सड़क दुर्घटना में राज्य सभा सांसद महुआ मांझी घायल

## महाकुंभ से लौटते समय हुआ हादसा, बहू-बेटे समेत ड्राइवर भी बुरी तरह से घायल

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के होटवाग एनएच 75 के खुशबू ढाबा के समीप एक खड़ी ट्रक और कार की भीषण टक्कर होने के बाद कोहराम मच गया। इस दुर्घटना में जेएमएम की राज्यसभा सांसद महुआ मांझी समेत पुत्र, बहू व चालक घायल हो गए। सांसद की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायलों में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी (टँ४ ट्टं ऑ्रील्ल३) उम्र 65 वर्ष, पुत्र सोमबीत मांझी उम्र 42 वर्ष ,बहू कृति श्री वास्तव मांझी उम्र 36 वर्ष व चालक भूपेंद्र बासकी का नाम शामिल हैं।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस माध्यम से सभी घायलों को सदर अस्पताल लातेहार लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुनील कुमार भगत के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।




राज्यसभा सांसद के पुत्र सोमबीत मांझी ने बताया कि हमलोगों सारा परिवार के लोग महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे। इसी दौरान होटवाग के समीप नींद आने के कारण कार एक ट्रक में जा टकरा गई। जिससे कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। कार चालक के बदले राज्यसभा सांसद के पुत्र चला रहा था।

**चिकित्सक ने दी रिपोर्ट :** चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार भगत ने बताया कि राज्यसभा सांसद को बाएं हाथ की कलाई में चोट लगने के कारण फ्रेक्चर हो गया है। हमलोगों ने प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

**अस्पताल की व्यवस्था पर उठाया सवाल :** सदर अस्पताल में इलाज होने के बाद राज्यसभा सांसद के पुत्र सोमबीत मांझी के द्वारा रांची ले जाने को लेकर एम्बुलेंस की मांग की गई।

जिसपर प्रबंधक के द्वारा एक घंटे तक टालमटोल करते रहे। उन्होंने मीडिया को बताया कि एक घंटे से एंबुलेंस को लेकर परेशान है।

इसके बावजूद भी यहां के प्रबंधक कोई गंभीरता नहीं ले रहा है। इस दौरान लातेहार थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के हस्तक्षेप के बाद एम्बुलेंस उपलब्ध कराया गया। इसके बाद रांची रिम्स की ओर गंतव्य हो गए।

### सीएम हेमंत और उनकी पत्नी मिलने पहुंचे

दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल राज्यसभा सांसद महुआ मांझी से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिवार जन से उनका हाल समाचार पूछा।

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ पुलिस ने महिला संचालिका को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली इलाके में चल रहे अवैध देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। थाना कौशाम्बी क्षेत्र के अटलांटिक प्लाजा सेक्टर 4 स्थित एक फ्लैट में यह अवैध धंधा चल रहा था। एसीपी अभिषेख श्रीवास्तव के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि कौशांबी इलाके में अवैध देह व्यापार चल रहा है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। प्लॉट नंबर 9 पर छापेमारी के दौरान दिल्ली की एक महिला संचालिका को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से तीन महिलाओं को मुक्त कराया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि संचालिका उन्हें नौकरी और पैसों का लालच देकर इस धंधे में लाती थी। वह



ग्राहकों से ज्यादा पैसे लेती थी, लेकिन महिलाओं को बहुत कम हिस्सा देती थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला आरोपी को जेल भेज दिया है। पीड़ित महिलाओं के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# खुल गया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के दफ्तर पर बब्बर शेर के इस तरह दहाड़ने का राज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सुनील शर्मा देश के नंबर वन विधायक हैं। वो सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाले रिकॉर्ड धारी विधायक हैं। वो प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि इन दिनों वो ऑलराउंडर वाली फुल फार्म में हैं। वो कथा व्यास गद्दी पर बैठकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देने वाली कथा का वाचन कर रहे हैं। वो विधानसभा में उत्तराखण्ड से लेकर पूर्वांचल की दावत वाले सीन में हैं। वो शासन वाले सीन में लखनऊ में बैठक कर रहे हैं। वो मंडल की राजनीति में टॉप कर रहे हैं और दस में दस मंडल प्राप्त कर रहे हैं। वो लखनऊ में बैठक ले रहे हैं, वो गंगा की रेत पर नंगे पैर चल रहे हैं। वो कुंभ अमृत स्नान कर रहे हैं। सुनील शर्मा इस सब आयामों के बीच जनता के काम भी कर रहे हैं। वो कार्यकताओं से मिल रहे हैं, जनसुनवाई कर रहे हैं और इन सबके बीच में बुधवार को उनके कार्यालय पर बब्बर शेर के दहाड़ने का राज भी खुल गया है।




बुधवार को वो राजेंद्रनगर कार्यालय पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। जनता की फरियाद सुन रहे हैं और इस खुली धूप में जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ये सब कर रहे हैं तो करंट क्राइम भी वहां पहुंचा। यहां सब कुर्सियों पर विराजमान थे और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के सहायक हरीश शर्मा लोगों को क्रम से मिलवा रहे थे। कैबिनेट मंत्री जनता की सुनवाई कर रहे थे और इसी बीच सियासी किस्से भी चल रहे थे। इसी दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी की यहां एंट्री हुई और तभी इसी बीच प्रेम त्यागी भी आ गए। यहां एक फोटो बब्बर शेर के दहाड़ने का लगा है, उसके नीचे लिखा है, अबकी बार तेज रफ्तार और ब्रेकिट में साहिबाबाद में लिखा है। बात जब चली कि बब्बर शेर और भी इतने गुस्से में दहाड़ता हुआ क्यों है। करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री से ही ये पूछा कि आखिर बब्बर शेर के गुस्से में दहाड़ते हुए इस चित्र को लगाने की क्या जरूरत पड़ गई। यहां सहज-सरल स्वभाव के धनी कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह फोटो मैंने नहीं लगाया, यह हमारे भाजपा कार्यकर्ता पवन रेड्डी ने लगाया है।

चर्चा यही थी कि सहज सरल और सौम्य स्वभाव के सुनील शर्मा और उनके फोटो के नीचे भला दहाड़ते हुए शेर के फोटो की क्या जरूरत। करंट क्राइम ने जब जवाब के लिये पवन रेड्डी की ओर देखा तो उन्होंने खुद को साइड में कर लिया। यहां मौजूद मानसिंह गोस्वामी कुछ कहते तब तक आमतौर पर साइलेंट रहने वाले भाजपा नेता प्रेम त्यागी ने माइक थामा और दहाड़ते शेर को लेकर उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि बब्बर शेर इसलिए लगाया है क्योंकि अगर यहां निगेटिव लोग आए तो वो दूर ही रहें। तब सवाल हुआ कि क्या साहिबाबाद विधायक के कार्यालय पर निगेटिव लोग आते हैं। इस सवाल को राजनीति की पिच के ऑलराउंडर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने हवा में ही लपक लिया। उन्होंने बात को संभाला और कहा कि हमारे यहां निगेटिव लोग नहीं आते हैं, ये तो बस हमारे लिये मां दुर्गा की सवारी है। चलो माना कि शेर का राज ये है, लेकिन अबकी बार तेज रफ्तार का राज क्या है, क्या शेर की रफ्तार पहले धीमी थी। इस पर सुनील शर्मा मुस्कराए और उन्होंने कहा कि पहले भी शेर की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा की थी और अब ये रफ्तार 120 कर दी है। इसके बाद बातों से ही ये स्पष्ट हो गया कि शेर ने रफ्तार बढ़ा दी है और फोकस भी साहिबाबाद पर कर दिया है। अब समझने वाले समझ सकते हैं।



## दीवार पर लगी फोटो में कई किरदार मगर नहीं दिखे दो साहिबाबाद वाले यार

**करंट क्राइम।** सुनील शर्मा साहिबाबाद से विधायक हैं, वो कैबिनेट मंत्री हैं। राजनीति के दफ्तर में तस्वीरें भी बहुत कुछ बताती हैं। वो फ्लेशबैक में ले जाती हैं, वो कई बार परिवर्तन की गाथा को भी चुपचाप बताती हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के दफ्तर में उनके कुर्सी के ठीक पीछे दीवार है और उस पर एक तस्वीर है। इस तस्वीरों में वहां की सियासत के कई किरदार हैं। भाषण देते हुए तस्वीर है, पूजा करते हुए तस्वीर है, जनप्रतिनिधि वाली तस्वीर है, लेकिन इस तस्वीर में दो साहिबाबाद यार नहीं हैं। ये वो यार हैं जिनके बिना साहिबाबाद की राजनीति अधूरी मानी जाती है। जब जनरल वीके सिंह चुनाव जीते थे तो इन्हीं दोनों यारों ने सौ स्थानों पर उनके रोड का स्वागत कराया था। वो राजनीति का समाधान सामाजिक संस्था से ढूंढ लेते हैं और सामाजिक संस्था के मंच पर राजनीति की एंट्री करा लेते हैं, लेकिन विधायक जी की दीवार पर उनके फोटो वाले किरदार को शायद स्थान नहीं मिला।



## जब मंत्री सुनील शर्मा ने थानेदार को फोन मिलाया और मामला समझाया

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपने आवास पर जनसुनवाई कर रहे हैं। लोग उनके पास आ रहे हैं। मामला उनकी विधानसभा का था और पीड़ित लोग पहुंचे थे। बताते हैं इन लोगों को मानसिंह गोस्वामी लेकर आए। लोगों ने बताया कि जिस जगह वो रहे हैं बिल्डर ने उस जमीन पर बैंक से लोन ले लिया और अब छत बेच रहा है। पुलिस बिल्डर के लोगों को सपोर्ट कर रही है और बिल्डर के दस-बारह लोग जबर्दस्ती छत पर कब्जा कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लोगों की समस्या सुनने के बाद थानेदार को फोन मिलाया। इससे पहले थानेदार उन्हें कुछ समझाते उससे पहले कैबिनेट मंत्री ने थानेदार को ही समझाया। कहा कि मेरे सामने लोग बैठे हैं, ये सब बता रहे हैं और फिर उन्होंने थानेदार से कहा कि किसी भी सूरत में अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए। इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने डीसीपी को फोन किया और पूरा मामला बताया। जब लोगों को इस क्विक एक्शन पर संतोष आया तो ये समझ में आ गया कि फोटो पर शेर क्यों दहाड़ रहा है। ये एहसास हो गया कि शेर की इस दहाड़ा का राज क्या है।

## जब कैबिनेट मंत्री ने कहा- आप प्लीज जाइए अतुल गर्ग और अजीतपाल त्यागी के पास

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपनी विधानसभा में जनसमस्याएं सुन रहे थे। जनता की शिकायतों के निवारण के लिये अधिकारियों को फोन कर रहे थे, लेकिन उनकी खास ये दिखाई दी कि वो कभी अतिक्रमण नहीं करते हैं और साथी जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हैं। सीन ये था कि मुरादनगर विधानसभा में रहने वाले लोग साहिबाबाद विधायक के पास आए। ये शास्त्रीनगर में रहने वाले लोग थे और उनका श्मशान घाट का कोई मुद्दा था। यहां उनकी पूरी बात सुनी और उन लोगों ने ये बताया कि ये कोरोना काल का मामला है और इसमें एफआईआर भी दर्ज हुई थी। कैबिनेट मंत्री ने बात को ध्यान से सुना और फिर उन्होंने उन लोगों से ये कहा कि आपइस मामले में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी के पास एक बार जाएं और उनसे मिलकर अपनी समस्या बताएं। जब लोगों ने सुनील शर्मा से अनुरोध किया कि आप ही मामले को देखें तो यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सीमा का अतिक्रमण भी नहीं किय और लोगों की मदद भी की। वो सिस्टम के प्रोटोकॉल में रहे और उन्होंने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को फोन मिलाया। शास्त्रीनगर के लोगों की तरफ से उन्होंने सांसद अतुल गर्ग को पूरा मामला बताया। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह लोग आपसे मिलेंगे। इस तरह से सीमाओं में रहकर सुनील शर्मा ने सियासी शिष्टाचार का पालन करते हुए समस्या का समाधान भी कराया।

# शहर के बाजार में प्राचीन रामलीला के चुनावी किरदार

## किसी ने खलीफा से मांगे वोट तो किसी ने उस्ताद का लिया आशीर्वाद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला का चुनावी शंखनाद हो गया है। इस बार 28 फरवरी को चुनाव होना है। ये रामलीला अपने सांस्कृति और धार्मिक मूल्यों के लिये जानी जाती है। बुधवार को रामलीला कमेटी का चुनाव प्रचार जारी रहा। दोनों ही पैनल के उम्मीदवार शहर के पुराने बाजार में दिखाई दिये। रामलीला कमेटी में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष और लेखा परीक्षक के लिये चुनाव हो रहा है। एक पैनल से सुभाष गुप्ता लोहे वाले अध्यक्ष पद के लिये तो दूसरे पैनल से अजय बंसल अध्यक्ष पद के लिये उम्मीदवार हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिये एक पैनल से सुधीर गोयल मोनू तो दूसरे पक्ष से संदीप मित्तल मैदान में हैं। महामंत्री पद के लिये एक पक्ष से नरेश गर्ग मंडी प्रधान तो दूसरे पक्ष से पूर्व पार्षद मुनींद्र आर्या मैदान में है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिये एयरपोर्ट सलाहार समिति के सदस्य संजीव मित्तल साजू मैदान में हैं तो दूसरे पैनल से विनय सिंघल इसी पद के लिये चुनाव लड़ रहे हैं। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये रामलीला के पूर्व कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये मैदान में हैं, दिनेश शर्मा बब्बे मंत्री पद के लिये मैदान में हैं तो इसी पद के लिये प्रदीप मित्तल मैदान में हैं। सुल्लामल परिवार के सुमित गर्ग लेखा परीक्षक पद के लिये मैदान में हैं तो मित्तल परिवार से रविंद्र मित्तल लेखा परीक्षक पद के लिये मैदान में हैं। बुधवार को शहर के बाजार में प्रचार होता रहा। रामलीला के खलीफा सुंदर हलवाई के यहां अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय बंसल भी पहुंचे और सुभाष गुप्ता पैनल के सभी उम्मीदवार भी पहुंचे। वहीं कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुधीर गोयल मोनू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार संजीव मित्तल साजू, मंत्री पद के उम्मीदवार दिनेश शर्मा बब्बे, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार अनिल चौधरी ने रामलीला के उस्ताद अशोक गोयल का आशीर्वाद लिया। वहीं बुधवार को दिनभर प्रचार चलता रहा।

### व्यंजन तैयार करने वाले हलवाई के पास भी है दो वोट



**करंट क्राइम।** 28 फरवरी को जब मतदान होगा तो यहां वोटरों के लिये दावत का भी इंतजाम होगा। सूत्र बताते हैं कि इसके लिये कुक के रूप में महेश हलवाई को बुक कर लिया गया है। महेश हलवाई को केवल साधारण हलवाई ना समझा जाए, उनकी भी उतनी ही पूछ होनी है क्योंकि उनके पास भी दो वोट हैं। वहीं बताते हैं कि दूसरे पक्ष ने भी दावत का इंतजाम किया है और अंदर की बात ये है कि दावत के खर्चे को मिल बांटकर एडजस्ट कर लिया जाएगा।

### क्या मोनू गोयल को मिल गई फोन पर दो गुमशुदा वोट

**करंट क्राइम।** ये चुनाव शहर वालों की एक परंपरा है और आपसी सदभाव-प्रेम इसकी एक मिसाल है। जहां हलवाई के पास दो वोट हैं तो कुछ वोटे किसी को फोन पर भी मिली है। कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुधीर गोयल मोनू के पास एक ऐसे ही वोटर ने फोन किया। उनके पिता से इस रामलीला से जुड़े रहे हैं और उन्हें पता ही नहीं है कि उनकी भी वोट है। वोट वोटर को भले ही ना पता हो लेकिन चुनाव लड़ने वाले को तो एक-एक वोट का महत्व पता है। मोनू गोयल ने तुरंत वोटर लिस्ट में एक-एक नाम तलाशा और अपने पुराने सहपाठियों को वोटर के रूप में तलाश किया। तुरंत ही फोन पर चुनाव प्रचार हो गया। वोट का वादा हो गया और इस तरह से एक उम्मीदवार ने अपने पूरे पैनल के लिये दो नहीं बल्कि चार वोट का इजाफा कर लिया।



### इस तरह से सौंपी गई है उस्ताद की विरासत

**करंट क्राइम।** रामलीला कमेटी का अपना इतिहास है। ये पहली रामलीला है जिसमें उस्ताद और खलीफा की परंपरा है। जिस तरह अखाड़ों में आचार्य महामंडलेश्वर का पद होता है उसी तरह से शहर की सबसे पुरानी रामलीला में उस्ताद का पद होता है। उस्ताद के पद का कद ये है कि रामायण मंचन में भगवान राम की आरती उस्ताद करते हैं। अगर इस रामलीला की उस्ताद परंपरा को देखें तो यहां पूर्व सांसद सुरेंद्र गोयल के मामा लाला हरिद्वारी लाल कमेटी के उस्ताद रहे। उन्होंने अपनी उस्ताद वाली पगड़ी की विरासत रतीश चौधरी को सौंपी। रतीश चौधरी इस रामलीला कमेटी में कोषाध्यक्ष रहे और वर्तमान में कनिष्ठ उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे अनिल चौधरी के पिता हैं। रतीश चौधरी ने उस्ताद परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उस्ताद के पगड़ी अशोक गोयल को पहनाई। मौजूदा समय में अशोक गोयल उस्ताद हैं। बुधवार को संजीव मित्तल साजू, सुधीर गोयल मोनू, अनिल चौधरी और दिनेश शर्मा बब्बे ने उस्ताद का आशीर्वाद लेकर बाजार में प्रचार किया।

### दो वोट हैं बीमार और दो वोट गई हैं तीर्थस्थान

**करंट क्राइम।** रामलीला में मतदाताओं की संख्या 300 हैं, लेकिन सूत्र बताते हैं कि इनमें से कुछ वोटें तो आएंगी ही नहीं। कुछ वोट बीमार हैं और कुछ कुंभ स्नान करने गई हैं। किसी को खाटूश्याम जी जाना है। रामलीला कमेटी के पुराने सदस्य प्रमोद कोहली इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। बताते हैं कि उनके भाई भी वोट देने नहीं आ सकते हैं। इसी तरह रामलील के पुराने कैशियर कृष्ण अवतार गर्ग को उपचार के लिये अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो वोटें ऐसी हैं जो मतदान के दिन परिवार सहित खाटूश्याम में होंगे। चार वोट मतदान के दिन संगम तट पर कुंभ स्नान करेगी। इसी तरह कई वोटें हैं जो नहीं आएंगी और कई वोट दोपहर बारह बजे तक ही डल जाएंगी।

### पूर्व सांसद सुरेंद्र गोयल रहे हैं रामलीला के अध्यक्ष

**करंट क्राइम।** सुल्लामल रामलीला कमेटी का इतिहास गौरवमयी रहा है। ये रामलीला गाजियाबाद की एक पुरानी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को लिये हुए है। यहां जब राम बारात निकलती है तो बैंड पार्टी आगरा से लेकर बुलंदशहर तक से आती हैं। ये ऐसा मैदान है जहां किसी भी कोने में खड़े होकर मंच पर होती रामलीला देखी जा सकती है। इस रामलीला के भूमि पूजन में शहर की राजनीति, शहर का व्यापारी वर्ग और शहर के प्रतिष्ठित लोग शामिल होते हैं। गाजियाबाद के नगर पालिका चेयरमैन रहे, विधायक रहे, लोकसभा सांसद रहे स्व. सुरेंद्र प्रकाश गोयल का इस रामलीला से पुराना नाता है। उनके मामा लाला हरद्वारी लाल इस रामलीला के उस्ताद रहे हैं। सुरेंद्र गोयल इस रामलीला के महामंत्री रहे हैं। वो सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष भी रहे हैं।









### सामाजिक स्वरूप होगा भव्य और होगा फाल्गुन महोत्सव : सुधीर गोयल मोनू



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अनाज मंडी के महामंत्री और सुल्लामल रामलीला कमेटी चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि हम सब एक परिवार हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा रामलीला के सामाजिक स्वरूप को भव्य बनाया जाएगा। हमारा प्रयास जनसुविधाओं के साथ-साथ रामलीला की सांस्कृति प्रतिष्ठा को भी बरकरार रखने का होगा। हम यहां समाज की सेवा के संकल्प के साथ समिति के स्वरूप को भी प्रतिष्ठावान बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सबको साथ लेकर चलेंगे और फाल्गुन महोत्सव का आयोजन होगा। पूरा सुल्लामल परिवार हमारा परिवार है और एक नए सिरे से शुरूआत होगी।

### हम चाहते हैं सुधार और पारदर्शी प्रक्रिया: अजय बंसल

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रह चुके अजय बंसल चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने चुनाव कराने के लिये एक लंबी लड़ाई भी लड़ी है। वो शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी है और उन्होंने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत लगा रखी है। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि वो रामलीला प्रबंधन में एक पारदर्शी प्रक्रिया चाहते हैं। समिति के किसी भी सदस्य को ये अधिकार होना चाहिए कि वो जब चाहे तब यह देख सकता है कि कामकाज किसी तरह से चल रहा है। समिति के सभी सदस्य सुझाव दे सकते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि मैदान में बने भवनों का उपयोग समिति के सदस्यों के लिये बेहद रियायती दरों पर होना चाहिए। गरीब वर्ग के लिये निशुल्क होना चाहिए और रामलीला मैदान का व्यवसायीकरण नहीं होना चाहिए। रामलीला का उद्देश्य धार्मिक मूल्यों को संरक्षित करना है ना कि रामलीला कमेटी के खाते में करोड़ों रुपए जमा करना है। जनकल्याण के साथ काम करेंगे और सभी सदस्यों की संस्तुति का भी सम्मान होगा।



## सफल कुंभ महोत्सव के लिये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को बार-बार नमन: जगदीश साधना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने सफल कुंभ महोत्सव के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसा ऐतिहासिक महाकुंभ भारत के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 45 दिन बाद महाकुंभ पूर्ण हुआ है। ये केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपन्न हो सका है। इसके लिये उत्तर सरकार की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन की और पुलिस की जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े विश्वस्तरीय आयोजन को आस्था के महाकुंभ को सकुशल संपन्न कराने के लिये मैं बारंबार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रणाम करता हूं। बधाई देता हूं और उन्हें नमन करता हूं। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने कहा कि मैं उन सौभाग्यशाली लोगो में हूं जिन्हें 144 वर्ष बाद आए इस पावन महाकुंभ में अमृत स्नान का अवसर मिला। मैं भी स्नान करके आया हूं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन में छोटी-मोटी परेशानियों को अनदेखा करना चाहिए। सबसे बड़ी बात ये है कि सनातन धर्म के करोड़ों लोग एकसाथ पहुंचे और किसी प्रकार का कोई झगड़ा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इसके लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कुशल प्रबंधन बधाई के पात्र हैं।



## संपादकीय

# दावोस में भारतीय राज्य

घरेलू निजी निवेश की कमजोरी और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में धीमी गति से हो रही वृद्धि के बीच केंद्र और राज्य सरकारों ने दावोस के स्विस स्की रिजॉर्ट में आयोजित हो रही विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में कामयाबी का हरसंभव प्रयास आरंभ कर दिया है। वहां हमारे देश के दो पविलियन होंगे। एक केंद्र सरकार के लिए और दूसरा छह राज्यों के प्रतिनिधियों के लिए जिनमें तीन मुख्यमंत्री शामिल हैं। केंद्र का प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कर रहे हैं जिनके पास रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी जैसे अहम मंत्रालय हैं। उनका कहना है कि उनकी योजना देश के समावेशी वृद्धि के एजेंडे को प्रचारित करने की है। दावोस में अपना प्रतिनिधिमंडल भेजने वाले राज्य हैं महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और उत्तर प्रदेश। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्[illegible]डी भी वहां विदेशी निवेशकों को अपने-अपने प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करने का प्रयास करने वाले हैं। इसमें कोई शक नहीं कि दावोस भारत के लिए बहुत मायने रखता है। उदाहरण के लिए आंध्र प्रदेश वहां 15 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। नायडू वहां 19 बैठकों में शामिल होंगे और प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री 50 बैठकों में शामिल होंगे। लगभग सभी राज्यों ने अपनी-अपनी पहलों की ब्रांडिंग की है। उदाहरण के लिए ह्यबुलिशऑन टीएनह्व, ह्यतेलंगाना राइजिंग 2050ह्व आदि। यह बताता है कि मिशन कितना सक्रिय है और इस मान्यता की भी अपनी सीमाएं हैं कि केंद्र और राज्य सरकारों को रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा आर्थिक गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करने के लिए भारी काम करना पड़ता है। परंतु इन प्रयासों की उपयोगिता पर भी सवाल उठते हैं क्योंकि इनमें राज्यों के पदाधिकारियों को बहुत अधिक समय तथा धन व्यय करना होता है। निस्संदेह दावोस को उन अवसरों के लिए जाना जाता है जो वहां परदे के पीछे उत्पन्न होते हैं। इसलिए संभव है कि भारतीय अधिकारियों के ये प्रयास उपयोगी नतीजे निकालने वाले हों। परंतु अन्य मुख्यमंत्रियों द्वारा इससे पहले के सालों में वहां की यात्रा बहुत अधिक सफल नहीं रही। ऐसा इसलिए हुआ कि भारत को वहां अपेक्षित तरजीह नहीं मिलती। इस वर्ष जबकि चीन की अर्थव्यवस्था में धीमापन आ रहा है, हालात बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए नायडू के बारे में खबर है कि वह वहां दो राष्ट्र प्रमुखों से मुलाकात करने वाले हैं, हालांकि उन नेताओं की पहचान अभी सामने नहीं आई है। इसके साथ ही जिन विदेशी निवेशकों से संपर्क किया जा रहा है वे उचित ही यह पूछ सकते हैं कि आखिर घरेलू निवेशक अपने ही देश में निवेश करने से क्यों हिचकिचा रहे हैं। इसके बजाय दूसरे देशों में हो रहा भारतीयों का निवेश लगातार बढ़ रहा है। इसके अलावा इनमें से हर राज्य, हर वर्ष निवेशक सम्मेलन आयोजित करता है जहां देश भर से निवेश प्रस्ताव आते हैं। वह निवेश शायद ही कभी जमीनी परियोजनाओं में फलीभूत होता हो।

# 'भूस्वामी को अनिश्चितकाल तक जमीन के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता': सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** कसी भूस्वामी को अनिश्चित काल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।



किसी भूस्वामी को अनिश्चित काल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा, भूमि मालिक को वर्षों तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता। एक बार जब किसी भूमि मालिक पर किसी विशेष तरीके से भूमि का उपयोग न करने का प्रतिबंध लगा दिया जाता है, तो उक्त प्रतिबंध को अनिश्चित काल तक खुला नहीं रखा जा सकता। पीठ ने महाराष्ट्र क्षेत्रीय और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 127 का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 33 वर्षों से विकास योजना में भूखंड को आरक्षित रखना कोई मतलब नहीं रखता। अदालत ने कहा कि प्राधिकरण ने न केवल मूल मालिकों को भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी, बल्कि अब खरीदारों को भी भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

पीठ ने कहा, महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 126 के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए कानून में दस वर्ष की अवधि प्रदान की गई है। महाराष्ट्र अधिनियम 42/2015 द्वारा संशोधन से पहले भूमि अधिग्रहण के लिए नोटिस देने के लिए भूमि मालिक को एक अतिरिक्त वर्ष दिया गया है। ऐसी समयसीमा पवित्र है और राज्य या राज्य के अधीन प्राधिकारियों द्वारा इसका पालन किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें एक खाली भूखंड के मालिकों ने 2.47 हेक्टेयर के विकास के लिए भूमि विकास योजना प्रस्तुत की थी। योजना को मंजूरी दे दी गई और शेष क्षेत्र को 1993 में अधिनियम के तहत संशोधित विकास योजना में निजी स्कूल के लिए आरक्षित दिखाया गया। हालांकि, 1993 से 2006 तक महाराष्ट्र के प्राधिकारियों द्वारा निजी स्कूल के लिए संपत्ति अधिग्रहित करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# हाउस जीओपी ने ट्रंप की योजना के लिए बड़ा बजट किया पास



**नई दिल्ली।** हाउस रिपब्लिकन ने मंगलवार को 4.5 ट्रिलियन डॉलर के टैक्स कट और 2 ट्रिलियन डॉलर की सरकारी खर्च में कटौती वाले जीओपी बजट को पास किया है। वहीं इसे लेकर कुछ डेमोक्रेट नेता ने अपना विरोध भी दर्ज कराया और आखिरकार बेहद कम अंतर वाले (217 पक्ष में और 215 विपक्ष में) वोटिंग से ये बजट पास हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन से हाउस रिपब्लिकन ने मंगलवार को 4.5 ट्रिलियन डॉलर के टैक्स कट और 2 ट्रिलियन डॉलर की सरकारी खर्च में कटौती वाले जीओपी बजट को पास कर दिया है। हालांकि कुछ डेमोक्रेट्स ने इसका कड़ा विरोध किया और कुछ रिपब्लिकन भी इसे लेकर असमंजस की स्थिति में थे।

## स्पीकर माइक जॉनसन को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

### 217-215 वोटों से पास हुआ बजट

हाउस स्पीकर माइक जॉनसन को जीओपी बहुमत के साथ इसे पास कराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वोटिंग बेहद नजदीकी रही झ 217 पक्ष में और 215 विपक्ष में। सभी डेमोक्रेट्स ने इसका विरोध किया। इस प्रस्ताव के तहत ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में दिए गए टैक्स कट को आगे बढ़ाना चाहते हैं, जबकि सरकार के कई विभागों और सामाजिक योजनाओं में भारी कटौती की जाएगी। हालांकि, यह अभी सिर्फ पहला कदम है। सीनेट को अब इस पर काम करना होगा और अंतिम रूप देने में कई हफ्ते लग सकते हैं।

### कटौती से जनता नाराज

टैक्स छूट के बदले स्वास्थ्य सेवाओं, खाद्य सहायता (फूड स्टैम्प), और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं में कटौती की जा रही है, जिससे लोगों में गुस्सा है। डेमोक्रेट नेता हकीम जेफ्रीज ने इसे 'अमेरिका के लिए धोखा' बताया। हालांकि जीओपी नेताओं ने कहा कि मेडीकेड (स्वास्थ्य सेवा) पर सीधा असर नहीं होगा, फिर भी कई सांसद चिंतित हैं। न्यूयॉर्क से रिपब्लिकन सांसद माइक लॉरलर ने कहा कि ट्रंप ने वादा किया है कि मेडीकेड में कटौती नहीं होगी।

### बजट घाटा बढ़ने की चिंता

रिपब्लिकन के ही कुछ सांसद चिंतित हैं कि यह बजट देश के 36 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज को और बढ़ा देगा। वहीं टैक्स कट की लागत 4.5 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि सरकारी खर्च में केवल 2 ट्रिलियन डॉलर की कटौती हो रही है।

### सीनेट की अलग योजना

वहीं, सीनेट रिपब्लिकन ने अपना 340 बिलियन डॉलर का एक अलग प्रस्ताव रखा है, जो ट्रंप के प्रवासन और बॉर्डर सुरक्षा एजेंडे को प्राथमिकता देता है। आने वाले हफ्तों में इस बजट पर और बहस होगी और अंतिम फैसला तभी होगा जब दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) की योजनाओं को मिलाकर एक अंतिम विधेयक तैयार किया जाएगा।

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक की तिजोरी की क्षमता 10 करोड़

## रजिस्टर में दिखाए गए 122 करोड़

**नई दिल्ली।** न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया गया कि बैंक की प्रभादेवी शाखा में एक बार में 10 करोड़ रुपये रखने की क्षमता थी, लेकिन हैंडबुक में दर्ज प्रविष्टियों के मुताबिक आरबीआई के निरीक्षण के दिन तिजोरी में 122.028 करोड़ रुपये थे। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने यह खुलासा किया है। दरअसल, ईओडब्ल्यू बैंक में 122 करोड़ रुपये के गबन की जांच कर रही है। मामले में अब तक बैंक के दो पूर्व शीर्ष अधिकारियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की निरीक्षण टीम ने 11 फरवरी को प्रभादेवी स्थित बैंक की कॉरपोरेट ऑफिस शाखा का दौरा किया था। यहां उन्हें तिजोरी से 122 करोड़ रुपये की नकदी गायब मिली। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेट ऑफिस शाखा की बैलेंस शीट में प्रभादेवी और गोरेगांव शाखाओं में बैंक की तिजोरी में 133.41 करोड़ रुपये दिखाए गए थे।



## रोचक तथ्यों का करंट

- Adermatoglyphia एक बीमारी है जिसकी वजह से लोग फिंगरप्रिंट के बिना पैदा होते हैं। लेकिन यह बहुत दुर्लभ है, जो दुनिया भर में केवल चार ज्ञात विस्तारित परिवारों को ही प्रभावित करती है।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।
- अपराध दृश्य फिंगरप्रिंट धूल कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, यहां तक कि कैंसर भी हो जाता है।
- एक हैकर एक तस्वीर से जर्मन रक्षा मंत्री के फिंगरप्रिंट को फिर से बनाने में सक्षम था। यह वही हैकर है जिसने आईफोन 5 एस के रिलीज के 24 घंटे के भीतर ऐप्पल के थंबप्रिंट सत्यापन को हरा दिया था।

# दिसंबर तिमाही में औसतन 10 फीसदी बढ़े घरों के दाम

**नई दिल्ली।** 2021 से शुरू होकर लगातार 16वीं तिमाही में मकानों की औसत कीमतें बढ़ रही हैं। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि आवासीय कीमतों में निरंतर वृद्धि खरीदारों के बीच मजबूत आत्मविश्वास को दशार्ती है। मजबूत मांग और कच्चे माल की उच्च लागत के कारण देश के आठ प्रमुख शहरों में दिसंबर, 2024 तिमाही में घरों के दाम सालाना आधार पर औसतन 10 फीसदी बढ़े हैं। दिल्ली-एनसीआर में कीमतें सबसे ज्यादा 31 फीसदी बढ़ी हैं। रियल एस्टेट निकाय क्रेडाई, सलाहकार फर्म कोलियर्स और डाटा विश्लेषक लियासेस फोरास की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिलचस्प बात है कि 2021 से शुरू होकर लगातार 16वीं तिमाही में मकानों की औसत कीमतें बढ़ रही हैं। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, आवासीय कीमतों में निरंतर वृद्धि खरीदारों के बीच मजबूत आत्मविश्वास को दशार्ती है। हालांकि, निर्माण और भूमि अधिग्रहण की बढ़ती लागत मूल्य निर्धारण पर दबाव बना रही है।



## 27 02 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन



वन्या मिश्रा
अभिनेत्री

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन


जोया खान


भावना जौहरी


मधुबाला निगम


पूर्णिमा


प्रमोद टांक पम्मी


मोहित कसाना


राहुल तितौरिया


सचिन त्यागी


वकार अहमद


यश कुरैशी


छत्तरपाल सोनी


जीतू चौधरी


अवनीश शर्मा


विपुल तिवारी


विवेक शर्मा


शिवम तिवारी


आकाश सैनी


विपुल त्रिपाठी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। ऑफिस के काम में आपको थोडी दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन आप धैर्य रखें। काम समय से पूरे होंगे।

**वृष:** वृषभ राशि वालों के लिए छोटे समझौते करना फायदेमंद होगा। दांपत्य जीवन जी रहे लोगों के लिए आज काफी अच्छा समय रहेगा।

**मिथुन:** आज का दिन किसी सुखद और आनंद आनंद दायक यात्रा की ओर इशारा कर रहा है। इस यात्रा से आपके अच्छे संपर्क बनेंगे।

**कर्क:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। माता-पिता अपने बच्चों के साथ कहीं आस-पास पिकनिक स्पॉट पर जाने का मन बनायेंगे।

**सिंह:** आपके लिए आज का दिन सामान्य रहेगा। आपको पैसों का लाभ होगा। अपना उत्साह बनाए रखें क्योंकि इसी से आपकी सारी परेशानियां खत्म हो सकेंगी।

**कन्या:** आज के दिन अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। स्वास्थ्य तथा अन्य गतिविधियों पर आपके खर्चे बढ़ेंगे, जिसका असर आपकी जेब पर पड़ सकता है।

**तुला:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपके कुछ खास काम बनते-बनते अटक सकते हैं। कारोबार में आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**वृश्चिक:** आज आपको कुछ अहम फैसले लेने पड़ेंगे। मेहनत और लगन पूर्वक कार्य करने से आज अच्छी सफलता मिलेगी। मेहनत पर भरोसा करना आप सीखें।

**धनु:** दिन सावधानीपूर्वक रहने के लिए है, थोड़ा ध्यान रखें। अचानक से भाग्य की वृद्धि होगी और कुछ बढ़िया काम बन जाएंगे अचानक से धन लाभ हो सकता है।

**मकर:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आसानी से पूरा हो जायेगा।

**कुंभ:** कुंभ राशि वाले आज ऊपरी अधिकारियों से बात करते समय विवेक रखें। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन:** आज दांपत्य जीवन के लिहाज से थोड़ा कमजोर रहेगा क्योंकि किसी खास बात को लेकर आप दोनों में विचार-विमर्श होगा और आपके विचार नहीं मिलेंगे।

## चुटकुले

पल्स पोलियो टीम घर आई...
चीकू- बंदूक और कारतूस कहां हैं?
सुनकर टीम भाग गई...
पीछे से टीटू ने आवाज दी,
रुको, रुको
ये हमारे बच्चों के नाम हैं।

---

एक युग था जब लोग अपने घर के दरवाजे पर लिखते थे- 'अतिथि देवो भव',
फिर लिखा- शुभ लाभ,
फिर लिखा- यू आर वेलकम,
और अब- कुत्तों से सावधान।

---

टिल्लू- बाबा, दाहिने हाथ में खुजलाहट है,
बाबा- वत्स, लक्ष्मी आने वाली हैं,
टिल्लू- दाएं पैर में भी खुजलाहट है,
बाबा- यात्रा योग बन रहा,
टिल्लू- पेट पर भी खुजलाहट है,
बाबा- उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी,
टिल्लू- गर्दन पर भी खुजलाहट है,
बाबा- दूर हट, तुझे खुजली की बीमारी है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 15 घंटे में दो भीषण सड़क हादसे, पांच लोगों ने गंवाई जान

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर गई तीन कांवड़ियों की जान और मसूरी अंडरपास पर महिल-बच्ची की हुई मौके पर मौत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के हाईवे लगातार सड़क हादसों से लाल हो रहे हैं। बीते 15 घंटे के दौरान ही देहात जोन के अंतर्गत आने वाले दो थानाक्षेत्रों में अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों ने अपनी जिंदगी गंवाई है। पहला हादसा भोजपुर थानाक्षेत्र में हुआ, जहां हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई जबकि दो घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। यह हादसा रात करीब एक बजे भोजपुर थानाक्षेत्र में हुआ था। तो वहीं बुधवार को मसूरी अंडरपास पर एक इलेक्ट्रिक बस अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में बस ने सड़क पर जा रहे हैं लोगों में टक्कर मारी। हादसे में रेशमा नाम की महिला और उसकी बेटी आफिया की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में चार अन्य लोग घायल हैं। जिसमें दो पुरुष आसिफ और मुस्तकीम हैं और दो बच्चियों आयशा व माही नूर शामिल हैं। घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों ही सड़क हादसों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे की वजह दोनों में ही रफ्तार व ओवर स्पीडिंग बताया जा रहा है।

## लगातार सड़क पर हादसों में रफ्तार बन रही है खतरनाक



### इलेक्ट्रिक बस की चपेट में आकर मां-बेटी की मौत

**करंट क्राइम :** देहात जोन के अंतर्गत आने वाले मसूरी थानाक्षेत्र में अंडरपास पर एक इलेक्ट्रिक बस अनियंत्रित होकर हादसे का कारण बनी। बस ने सड़क पर जा रही रेशमा नाम की महिला और उसकी बेटी शाफिया को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें चार लोग घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। बस चालक मौके से फरार हो गया। वहीं मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। एसीपी सदर सिद्धार्थ गौतम ने कहा है पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### नहीं कम हो रहे हैं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे




**करंट क्राइम :** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और शासन स्तर के निर्देश का लगातार पालन कराए जाने के बावजूद भी दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर सड़क हादसों में कमी नहीं आ रही है। भोजपुर थानाक्षेत्र में जहां तीन लोगों की मौत हुई, तो इससे पहले भी हवा हवाई रेस्टोरेंट के पास बीते लगभग तीन माह के दौरान 8 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके साथ ही 24 से ज्यादा लोग अलग–अलग सड़क हादसों में अब तक घायल हुए हैं।

### हरिद्वार से लौट रहे थे फरीदाबाद, सड़क हादसे में हुए तीन मौत के शिकार

**करंट क्राइम :** दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर मंगलवार रात एक बड़ा हादसा हुआ। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे पांच भक्तों को तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने इतनी जोरदार टक्कर मारी की। हादसे में तीन कावड़ियों की मौत हो गई जबकि दो घायल हैं। मृतकों की पहचान फरीदाबाद निवासी देवेंद्र, हरेंद्र और अजय के रूप में हुई है। वहीं घायल सुंदर और सुनील का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फरीदाबाद के गांव मोहम्मदपुर निवासी राहुल ने पुलिस को बताया है कि यह सभी कांवड़ लेकर हरिद्वार से लौट रहे थे, गंगा जल लेकर इन्हें फरीदाबाद जाना था।

### स्पीड और ओवरटेकिंग बनी हादसे की वजह

**करंट क्राइम :** डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया है की दुर्घटना में शामिल गाड़ी मेरठ आरटीओ में पंजीकृत है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक पर देवेंद्र, हरेंद्र और अजय थे। तो वहीं दूसरी बाइक पर सुनील और सुंदर सवार थे। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने कई वाहनों को ओवरटेक करते हुए दोनों बाइक पर टक्कर मारी थी। जिससे हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हुई है।

## एलएलसी टेन-10 की चैंपियन वेंकटेश्वरा लायंस का गजरौला में हुआ भव्य स्वागत

**मुरादाबाद ।** वेंकटेश्वरा लायंस ने एलएलसीटेन10 में एक भी मैच न हारने वाली ब्रज वॉरियर्स को 6 विकेट से हराकर ये खिताब अपने नाम किया। लखनऊ से मुरादाबाद लौटी टीम का गजरौला स्थित श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी में भव्य स्वागत किया गया। खुली जीप में बैठे खिलाड़ियों को ढोल की थाप और पुष्प वर्षा करते हुए सभागार तक ले जाया गया।



सभागार में खिलाड़ियों के स्वागत में सारेगामापा फेम गायक विजय प्रकाश ने अपने गानों से विजेता टीम को थिरकने पर मजबूर कर दिया। विजय के गानों पर खिलाड़ियों ने जमकर डांस किया। इस मौके पर वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक व अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी ने कहा कि हमें अपने खिलाड़ियों पर नाज है, जिन्होंने 12 टीमों के बीच अपने प्रदर्शन के दम पर एलएलसीटेन10 की ट्रॉफी जीती है। उन्होंने खिलाड़ियों को 5 लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी। इस मौके पर आईपीएस अमित कुमार आनंद, प्रति कुलाधिपति वेंकटेश्वरा विवि. डॉ. राजीव त्यागी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। डॉ. राजीव ने कहा कि आज भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि एक सर्वमान्य धर्म है। खिलाड़ियों के स्वागत समारोह में जुटे सैकड़ों लोग संस्थान परिसर में वेंकटेश्वरा लायंस टीम के स्वागत समारोह में सीईओ अजय श्रीवास्तव, मुख्य टीम कोच अमन लिट, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्णकान्त दवे, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. एना एरिक ब्राउन, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. शिल्पा रैना, अरुण गोस्वामी, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. आशुतोष, डॉ. टीपी सिंह। डॉ. राजवर्धन, डॉ. विश्वनाथ झा उपस्थित रहे।

# बंदर भी इतने केले नहीं खाते, वसीम अकरम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के खानपान पर उठाए सवाल

**कराची ।** मेजबान पाकिस्तान की टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो चुकी है। इससे वहां के फैंस और वहां के पूर्व क्रिकेटर्स नाराज हैं। उन्हें दोतरफा मार झेलनी पड़ी क्योंकि न तो पाकिस्तान की टीम भारत को हरा पाई और न ही चैंपियंस ट्रॉफी जीत पाई। अगर रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबले में भारत के खिलाफ हार पर्याप्त नहीं थी, तो एक दिन बाद न्यूजीलैंड की बांग्लादेश पर जीत के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। उनके पास अभी भी ग्रुप स्टेज का एक मैच बाकी था। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की टीम का आईसीसी टूर्नामेंट्स में प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। फिलहाल टीम निचले स्तर पर है और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स अपने खिलाड़ियों पर निशाना साध रहे हैं। इसी कड़ी में वसीम अकरम ने भी अपने खिलाड़ियों के खानपान पर सवाल खड़े किए हैं।



पाकिस्तान की टीम 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के पिछले संस्करण में चैंपियन रही थी, लेकिन उसके बाद से प्रदर्शन काफी गिरा है। भारत के खिलाफ हाल ही में हार के बाद वसीम अकरम पाकिस्तान पर जमकर बरसे। भारत के खिलाफ मैच के बाद वसीम ने एक शो में कहा, 'मुझे लगता है कि यह पहला या दूसरा ड्रिंक्स ब्रेक था और खिलाड़ियों के लिए केले से भरी प्लेट आई थी। इतने केले तो बंदर भी नहीं खाते। और यह उनका भोजन है। अगर यह हमारे कप्तान इमरान खान होते, तो वह हमें ऐसा करने पर डांट देते। इमरान हमें मजबूत और कठोर बनाना चाहते थे।' इस पर शो में मौजूद अजय जडेजा ने कहा, 'कपिल देव तो हमें पानी भी कम पीने देते थे। वह भी हमें मजबूत बनाना चाहते थे।'

अकरम ने पाकिस्तानी टीम की आलोचना करते हुए उन पर पुराने स्टाइल में खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खेल की गति अब काफी बढ़ गई है। अकरम ने कहा, 'कठोर कदम उठाने की जरूरत है। हम लंबे समय से सफेद गेंद में पुराने स्टाइल में क्रिकेट खेल रहे हैं। इसे बदलने की जरूरत है। निडर होकर क्रिकेट खेलने की जरूरत है। युवा खिलाड़ियों को टीम में लाइए। अगर आपको पांच-छह बदलाव करने हैं तो कृपया ऐसा करें।'

अकरम ने कहा, 'आप नए खिलाड़ियों के साथ अगले छह महीने तक मैच हारते रहें। अनुभवी खिलाड़ियों के होने पर हारने से ऐसा करना ठीक है, लेकिन अभी से टी20 विश्व कप 2026 के लिए टीम तैयार करना शुरू कर दीजिए।' अकरम ने कुछ संबंधित आंकड़ों पर प्रकाश डाला क्योंकि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी बार-बार विफलताओं के लिए पाकिस्तान की गेंदबाजी इकाई को कमजोर कर दिया है।

# चादर गैंग का सरगना एक लाख का इनामी राहुल पासवान गिरफ्तार

## इंदिरापुरम के शोरूम से चुराई थी करोड़ों की ब्रांडेड घड़ियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच की टीम ने इंदिरापुरम के एक घड़ी शोरूम से अगस्त 2024 में करोड़ों रुपए की घड़ी चुराने वाले गैंग के सरगना राहुल पासवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 36 हजार रुपये की एक ब्रांडेड घड़ी बरामद की है। इसके साथ ही पुलिस ने यह भी बताया है कि यह कक्षा नौ तक पढ़ा हुआ है। पहले इसने नॉनवेज की ठेली लगाई और फिर राजमिस्त्री का काम किया। बाद में इसने महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में अपना नेटवर्क बनाया और अब तक यह 15 से अधिक चोरी की बड़ी वारदात कर चुका है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपी राहुल पासवान मूलरूप से बिहार के घोड़ासहन का रहने वाला है। इसके गैंग के अब तक 10 सदस्यों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।



### इंटरनेशनल और ब्रांडेड घड़ी चुराता है राहुल पासवान

**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच की टीम ने इसे लंबी पूछताछ की है और जानकारी मिली है कि राहुल पासवान केवल इंटरनेशनल कंपनी और ब्रांडेड घड़ियां ही चुराने का काम किया करता था। यह अपने सदस्यों से इस माल को नेपाल और भारत की सीमा से लगे पड़ोसी देशों में पहुंचाया जाता था। जहां एक लाख रुपए की घड़ी को केवल 15 से 40 हजार रुपये में बेच दिया जाता था। पुलिस की माने तो यह गैंग अब तक महाराष्ट्र, हिमाचल और उत्तर प्रदेश में दर्जनों वारदात कर चुका है। साथ ही कम पढ़े लिखे होने के बावजूद भी यह है, हवाई जहाज और एसी फर्स्ट क्लास में यात्रा किया करता है।

### चादर लगाने का मास्टर माइंड है राहुल पासवान

**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि राहुल पासवान चादर गैंग का सरगना है। यह लोग किसी भी दुकान शोरूम में वारदात करने से पहले चंद सेकंड में चादर बिछाकर खुद को कवर लेते हैं ताकि इनकी शक्ल किसी को ना दिखाई दे और सड़क से गुजरने वाले लोगों को कुछ मालूम ना चल सके। पुलिस इनसे अबतक 46 लाख 36 हजार रुपए की घड़ियां बरामद कर चुकी है। साथ ही राहुल से एक 36000 रुपए की घड़ी भी पुलिस ने बरामद की है। बताया जा रहा है कि राहुल पिछले एक 6 महीने से लगातार अपनी लोकेशन बदलने का काम कर रहा था। जिसकी वजह से पुलिस उसे इतने लंबे समय बाद गिरफ्तार कर पाई है।

## मुंबई इंडियंस ने जीता टॉस, यूपी वॉरियर्स के खिलाफ चुनी गेंदबाजी, देखें प्लेइंग 11

**बंगलुरू ।** आज महिला प्रीमियर लीग का 11वां मैच मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच खेला जा रहा है। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर यूपी वॉरियर्स को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इस मुकाबले में मुंबई की टीम में एक बदलाव हुआ है। पारुनिका की जगह कप्तान ने जिंतिमनी कलिता को मौका दिया है। वहीं, दीप्ति शर्मा की टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



### दोनों टीमों की प्लेइंग 11 इस प्रकार हैं

यूपी वॉरियर्स : किरण नवगिरे, वृंदा दिनेश, दीप्ति शर्मा (कप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा, श्वेता सहरावत, ग्रेस हैरिस, उमा छेत्री (विकेटकीपर), चिनेले हेनरी, सोफी एक्लेस्टोन, साइमा ठाकोर, क्रांति गौड़।

## 51 साल की उम्र में भी नहीं बदला सचिन का अंदाज

## अपनी पारी से इंडिया मास्टर्स को दिलाई जीत

**मुंबई ।** भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए भले ही लंबा समय हो गया है, लेकिन अभी भी उनके खेलने का अंदाज नहीं बदला है। सचिन फिलहाल अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में हिस्सा ले रहे हैं, जहां वह इंडिया मास्टर्स की कप्तानी संभाल रहे हैं। सचिन ने इंग्लैंड मास्टर्स के खिलाफ 21 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली जिससे इंडिया मास्टर्स ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।



### सचिन ने खेले शानदार शॉट्स

मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने 132 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान तेंदुलकर ने क्रिस शॉफील्ड की गेंद पर आउट होने से पहले पांच चौके और एक छक्का लगाकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया। सचिन ने बल्लेबाजी के दौरान कई शानदार शॉट्स खेले और अपने खेलने के दिनों की याद दिला दी। सचिन की पारी देखकर स्टेडियम पर मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।

घरेलू टीम के लिए गुरकीरत सिंह मान ने 35 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी खेली, जबकि युवराज सिंह 14 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे इंडिया मास्टर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड मास्टर्स को आठ विकेट पर 132 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने तीन जबकि तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन और बाएं हाथ के स्पिनर पवन ने दो-दो विकेट लिए। सचिन का करियर सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। मास्टर ब्लास्टर ने भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेले जिनमें 15921 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 शतक और 68 अर्धशतक लगाए।

## पाकिस्तान क्रिकेट का सत्यानाश हो जाएगा

**कराची ।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में अपने देश की क्रिकेट टीम के प्रदर्शन से निराश हैं। कराची में न्यूजीलैंड और दुबई में भारत से बड़ी हार के बाद मेजबान पाकिस्तान आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। अलीमा ने इमरान से मुलाकात के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर मीडिया से बातचीत की। अलीमा ने कहा कि 1992 में विश्व कप खिताब जीतने वाली पाकिस्तान की अगुआई करने वाले इमरान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी की क्रिकेट संबंधी साख पर भी सवाल उठाए। अलीमा ने कहा, 'पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) के संस्थापक ने भारत के खिलाफ मैच हारने पर बहुत दुख व्यक्त किया है।' अलीमा ने नकवी के लिए पीटीआई संस्थापक के बयान के बारे में बताया, 'इमरान ने कहा।



# पी.सी.बी की किरकिरी, खिलाड़ियों की सुरक्षा में बड़ी चूक

## मैदान में घुसकर फैन ने रचिन रवींद्र को गले लगाया

**रावल पिंडी ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में रावलपिंडी स्टेडियम में न्यूजीलैंड-बांग्लादेश मैच के दौरान एक दर्शक के मैदान में घुसने से सुरक्षा घेरे को तोड़े जाने पर संज्ञान लिया है। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मेजबानों की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ बातचीत की'

बयान में कहा गया है, 'एक जिम्मेदार संस्था के रूप में हमने स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ बातचीत की है जिन्होंने सभी स्थानों पर खेल के मैदान के आसपास सुरक्षा कर्मियों को बढ़ाने और प्रवेश नियंत्रण उपायों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।' इस घटना में शामिल व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया और मंगलवार को अदालत में पेश किया गया। इसके अलावा उसे पाकिस्तान के सभी क्रिकेट स्थलों में प्रवेश करने से स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है।



**पीसीबी ने घटनाओं को रोकने के लिए उठाया कदम :** पीसीबी ने बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बोर्ड सुरक्षा एजेंसियों और स्थल अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की जा सके और उसे मजबूत किया जा सके। सोमवार को जिस व्यक्ति ने मैच के दौरान मैदान में अंदर घुसकर शतकवीर रचिन रविंद्र को गले लगाने की कोशिश की थी, उसे घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस को सौंप दिया गया।

### पाकिस्तान की टीम पहले राउंड से बाहर

इससे पहले गत चैंपियन पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों का सफर टूर्नामेंट में ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया है। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। अब भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मार्च को दुबई में मुकाबला खेला जाएगा। जो भी टीम ये मैच जीतेगी वो ग्रुप ए से शीर्ष पर रहकर अंतिम चार में प्रवेश करेगी। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का गत चैंपियन होने के साथ ही मेजबान भी था, लेकिन उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिस कारण टीम का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। दिलचस्प बात यह है कि 19 फरवरी को इस आईसीसी टूर्नामेंट की शुरूआत

# केरल के खिलाफ दानिश मालेवर ने जड़ा शतक

## विदर्भ के करुण नायर भी चमके, स्कोर 254/4

**नागपुर ।** दानिश मालेवर की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत विदर्भ ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट खोकर 254 रन बना लिए हैं। बुधवार को विदर्भ और केरल के बीच रणजी ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले की शुरूआत हुई। सचिन बेबी की अगुआई वाली टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया और विदर्भ के बल्लेबाजी क्रम को तगड़ा झटका दिया।



### खराब हुई विदर्भ की शुरूआत

नागपुर में खेले जा रहे इस मुकाबले में विदर्भ की शुरूआत झटके के साथ हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे पार्थ रेखाडे पहले ओवर में ही एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। वह खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद निधेश ने दर्शन नलकंडे को शिकार बनाया। वह सिर्फ एक रन बना सके। टीम को तीसरा झटका दाएं हाथ के गेंदबाज एडेन एप्पल टॉम ने दिया। उन्होंने ध्रुव शोरे को मोहम्मद अजहरुद्दीन के हाथों कैच कराया। वह तीन चौकों की मदद से 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

### विदर्भ को मिला दानिश और नायर का साथ

24 के स्कोर पर तीन विकेट खो चुकी विदर्भ के लिए दानिश मालेवर और करुण नायर संकटमोचक साबित हुए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 215 रनों की साझेदारी हुई। रोहन कुन्नुमल ने करुण नायर को रनआउट किया। वह आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 86 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, मालेवर 138 और यश ठाकुर पांच रन बनाकर डटे हुए हैं। वहीं, केरल के लिए अब तक मोहम्मद निधेश ने दो और एडेन एप्पल टॉम ने एक विकेट मिला है।

## राज्य कर विभाग ने 77वें स्थापना दिवस पर किया खेल का आयोजन

## बैडमिंटन में तरुण शर्मा और कमल अरोड़ा बने विजेता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग में 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अधिवक्ताओं और विभाग के कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डबल्स के फाइनल में अधिवक्ताओं की ओर से तरुण शर्मा व कमल अरोड़ा की जोड़ी विजेता बनी। राज्य कर विभाग से राकेश कुमार कौशल व पंकज तिवारी की जोड़ी उपविजेता बनी। जिलाजीत सिंह व रोहित पाराशर की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। स्थापना दिवस समारोह में अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, गाजियाबाद जोन-द्वितीय गाजियाबाद भूपेन्द्र शुक्ला ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी व्यापारियों से कहना चाहते हैं कि विभाग की ओर से उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। यदि किसी व्यापारी को कोई समस्या आती है तो वह संबंधित अधिकारी से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकता है। अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, गाजियाबाद






जोन-प्रथम गाजियाबाद मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि विभाग और व्यापारियों के बीच अधिवक्ता एक महत्वपूर्ण कड़ी है। बैडमिंटन टूर्नामेंट करने का उद्देश्य आपसी समन्वय को बढ़ाना है। स्थापना दिवस के अवसर पर हम सभी टैक्स प्रैक्टिशनरों को धन्यवाद देते हैं। इस मौके पर राज्य कर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व टैक्स प्रैक्टिशनर मौजूद रहे।

## सुंदरदीप इंस्टीट्यूट के बी.एड. विभाग में तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डासना स्थित सुन्दरदीप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी गाजियाबाद के बी एड संकाय मे चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के समापन समारोह का आयोजन हुआ। इस शिविर का संचालन श्याम सिंह (कमीश्नर भारत स्काउट गाइड) के सानिध्य मे बी.एड. और डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के समस्त छात्र/छात्राओं ने शिविर मे उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं शिविर से संबंधित सभी विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लिया। शिविर के अंतिम दिवस पर सभी छात्र/छात्राओं ने अपने-अपने समूह के विभिन्न राज्यों की झाकियां प्रस्तुत कीं जो इस शिविर का मुख्य आकर्षण का केन्द्र थीं। एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार ने इस अवसर पर बताया कि इस प्रकार के शिविर छात्रों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने एवं साहसिक कार्यक्रमों में भागीदारी निभाना, स्वस्थ व तनाव मुक्त रहने मे सहायक होते हैं। संस्थान के प्रति कुलपति पीयूष श्रीवास्तव, आई.जी. पुलिस (से०नि०) ने इस प्रकार के शिविर एक शिक्षक में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्र की अपेक्षा के अनुरूप उत्तम नागरिक बनाने मे सहायक होते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ० अवधेश प्रताप सिंह, डॉ० हरवीर सिंह, डायरेक्टर होटल मैनेजमेंट, (डॉ०) दीपा कंवर, डिप्टी डायरेक्टर, मैनेजमेंट एवं समस्त शिक्षकगण मे डॉ० नेहा चौधरी, पूजा, वीनस त्यागी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# शिवरात्रि पर मंदिरों में महाकुंभ की भांति शिव भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धपीठ नर्मदेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 142, नोएडा में शिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों का तांता लगा रहा। महाकुंभ की तरह नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मोक्ष और पुण्य प्राप्ति के लिए श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में सुबह 4 बजे से ही जलाभिषेक करना शुरू कर दिया। जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और महादेव के जयकारों का यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। पंडित राजीव शर्मा ने बताया कि स्कंदपुराण में अनुसार इस माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि में उपवास तथा जागरण करने से और भगवान रूद्र की पूजा करने से पूजित रूद्र भुक्ति और मुक्ति दोनों प्रदान करते है। जिस प्रकार द्वादशी तिथि को भगवान विष्णु की पूजा होती है, उसी प्रकार कामना से युक्त होकर इस चतुर्दशी तिथि को भगवान रुद्र की पूजा करनी चाहिए। उपवाससहित एवं विधि विधान से पूजित शिव, विष्णु जी के समान ही भक्तों को नरक भोग से बचाते हैं, इसलिए शिव भक्त मंदिरों में



जाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं और शिव से मनोवांछित फल माँगते हैं। वहीं गरुड़ पुराण के अनुसार फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को उपवास तथा जागरण करने से, भगवान रुद्र की पूजा करने से पूजित रुद्र भुक्ति और मुक्ति दोनों प्रदान करते हैं। जिस प्रकार द्वादशी तिथि को विष्णु जी की पूजा होती है उसी प्रकार कामना से युक्त होकर इस चतुर्दशी को भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए। उपवास सहित विधि विधान से शिव की पूजा करने से विष्णु जी के ही समान रुद्र भी भक्तों को नरक भोग से बचाते हैं। इसी क्रम में महाकुंभ जैसा नजारा कल नर्मदेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर 142 में भी देखने को मिला।

## चढ़त के दौरान आपस में भीड़े बाराती कई लोगों को कार से कुचला

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में दो बारात के लोगों के बीच डीजे पर डांस को लेकर विवाद हो गया। जिसमें कई लोगों को कार ने कुचल दिया। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्थित निवाड़ी ने उनसे मारपीट कर दी। वहीं, गुस्साए बहसूमा के आरोपी कार लेकर चढ़त में घुस गए। यहां उन्होंने कई बाराती कुचल दिए। जिसमें मेरठ के किठौली के तनिष्क, बिट्टू, आशीष, गुड्डू, अक्षय,



थानान्तर्गत मंगलवार रात चढ़त के दौरान बताया गया कि एक बारात लोनी से व दूसरी मेरठ के किठौली से आई थी। लोनी की बारात में आए मेरठ के बहसूमा के आरोपी किठौली की चढ़त में डांस करने लगे। इस पर बारातियों अंकित व मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो लोगों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## दोस्तों ने ही दोस्त की बाइक चोरी की

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** कार से आये दोस्तो ने दोस्त की बाईक चुरा ली, विरोध जताने पर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया हैं। संजयपुरी कॉलोनी निवासी कुनाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि उसके पास मेरठ के रोहटा रोड नंद बिहार कॉलोनी निवासी दोस्त अश्वनी अपने साथियों संग कार से आया। वह उसकी रायल इन्फिल्ड गाडी लेकर जाने लगे, जब मैने विरोध किया तो उन्होने गाली-गलौच करते हुये मारपीट कर घायल कर दिया, और धमकी दी कि यदि रिपोर्ट दर्ज की तो जान से मार देगें। पुलिस ने अश्वनी व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

## यथार्थ चौधरी का असिस्टेंट कमिश्नर पद पर हुआ चयन

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गांव फफराना के होनहार युवा यथार्थ चौधरी ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में रेलवे में जूनियर अकाउंट्स असिस्टेंट के रूप में कार्यरत यथार्थ चौधरी ने अपनी इस उपलब्धि का सम्पूर्ण श्रेय अपने मामा गुलशन कुमार को दिया है, जिनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से यह सफलता संभव हो सकी। यथार्थ चौधरी ने अपनी स्कूली शिक्षा टीआरएम पब्लिक स्कूल, मोदीनगर से पूरी की। अपनी सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए यथार्थ चौधरी ने कहा, कि यह केवल



मेरी मेहनत का नतीजा नहीं है, बल्कि मेरे परिवार, शिक्षकों और विशेष रूप से मेरे मामा गुलशन कुमार की प्रेरणा और आशीर्वाद का परिणाम है। उनकी मेहनत और समर्थन के बिना यह सफर मुश्किल होता। उनकी इस उपलब्धि पर गांव और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है कि यदि सही दिशा और परिश्रम से कार्य किया जाए, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। यथार्थ चौधरी के गांव पहुंचने पर स्वागत किया गया। जिसमें कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्वागत समारोह में महिंद्रा सिंह, सुरेंद्र सिंह, अतुल प्रधान, मोहित कुमार, दादा वैद्यनाथ, सोनू कुमार, डॉ0 आशु बाबा, आशु चौधरी, शुभम चौधरी, कार्तिक चौधरी, शैंकी चौधरी, अक्षु शर्मा, प्रशांत सेहरावत, विजय कुमार, अंकुर, अंकित चौधरी, मुनेश कुमार, रविन कुमार, संदीप कुमार और निशु फफराना सहित कई लोग मौजूद रहे व यथार्थ चौधरी को शुभकामनाएं दीं।

## एक पखवाड़े से गायब छात्र का नहीं लगा सुराग परिजन परेशान

**मोदीनगर।** गत दस फरवरी को एक (15) वर्षीय छात्र रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। परिजनों ने उसे काफी तलाशा, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। अब पुलिस से उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हुये परिजनों ने अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। विजयनगर कॉलोनी निवासी मौहम्मद शकील का (15) वर्षीय बेटा सुहेब 10 फरवरी को घर से बाजार जाने की कहकर निकला था, फिर वापस नहीं लौटा। परिजनो ने उसे रिश्तेदारी से लेकर कई स्थानों पर तलाशा, जब कोई सुराग नही लगा तो परिजनों ने उसकी पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।




## क्या साइड लाइन एसीपी को मिलेगा चांस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बुद्ध को सबसे बड़े आयोजन के दौरान सब कुछ ठीक रहा है। ऐसा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं। तो वहीं सुनने में आ रहा है कि इस ड्यूटी के दौरान जो साइड लाइन वाले एसीपी लगाए गए थे, जल्द ही उनको कहीं पर चांस मिल सकता है। देखना होगा कि जिन दो साइड लाइन वाले एसीपी को ड्यूटी दी गई थी, उसमें से कृपा किस पर होती है। वहीं पुलिस के ही सूत्रों से जानकारी मिली है कि एक थ्री-स्टार को ड्यूटी पर जलाभिषेक करना नुकसान भी दे गया। उनको दंड भी मिल गया है, तो वहीं एक अन्य पुलिसकर्मी पर भी यह वाली कार्रवाई हुई है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने गेट से लेकर मंदिर के मुख्य द्वार और गर्भग्रह के हालात पर नजर रखने का काम किया है, वह किसी से छुपा नहीं है। खुद सिटी वाले साहब ने सर्वाधिक समय दिया है, तो उनके एसीपी से लेकर कोतवाली पुलिस और अतिरिक्त में लगे हर दस कदम पर लगे थ्री- स्टार भी कम नहीं थे। ड्यूटी में अधिकांश वह थ्री- स्टार ही नजर आए जो कभी अपने इलाकों और थानाक्षेत्रों को संभालते थे। उनकी वर्किंग का स्टाइल भी बिल्कुल



अलग देखा गया। तो वहीं पूरे रूट से लेकर बैरिकेडिंग और मेटल डिटेक्टर तक की ड्यूटी बता रही थी कि एक-एक पॉइंट पर किस तरीके से अधिकारियों के निर्देश का पालन करते हुए पुलिसकर्मियों ने ड्यूटी को अंजाम दिया है। रात की भीड़ से लेकर दिन के रस के बीच जिस तरीके से सिटी वाले अधिकारी मुस्तैद रहे वह बता रहा है कि उन्होंने किस तरीके से मेहनत और इस बड़े आयोजन को शांति और सरलता के साथ संपन्न कराने का काम किया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि रमजान से पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी स्तर की एक छोटी लिस्ट आने की प्रबल संभावना है। उसमें दो लोगों पर कृपा हो सकती है, तो एक को चांस भी दिया जाएगा। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी वाली लिस्ट कब तक जारी की जाती है और किसका इसमें नाम दर्ज होता है। सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ वाली लिस्ट को लेकर भी कई तरीके की सूचना आ रही हैं। सूत्र बता रहे हैं कि दो मार्च से पहले सब कुछ क्लियर हो जाना चाहिए। वहीं अभी महाकुंभ के समापन में आज का दिन शेष है। देखना होगा कि आज रात के बाद तबादले वाली लिस्ट का फरमान कब और किस-किस अधिकारी के लिए सुनाया जाता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में महादेव की कृपा और पुलिस की मेहनत से भोले बाबा वाला पर्व शांति और बिना अव्यवस्था के बीच संपन्न हो गया है।

## विधिपूर्वक महाशिवरात्रि पर्व मनाने से ही सिद्धि प्राप्त होगी : रूप चौधरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग सेवा केंद्र मोहन नगर, पार्श्वनाथ पैराडाइज द्वारा शिव मंदिर परिसर में 89वां शिव जयंती महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक (स्थानीय) तथा वरिष्ठ पत्रकार भ्राता रूप चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि यहां आकर शिव परमात्मा का यथार्थ परिचय तथा जो भी पूजा आदि करते हैं उसका आध्यात्मिक रहस्य भी मालूम हुआ। यदि विधि पूर्वक महाशिवरात्रि के इस पावन महान पर्व को मनायें तो अवश्य हमें सर्व सिद्धियां प्राप्त होंगी।









### यहां आकर मुझे अदभुत, अलौकिक अनुभूति हुई है : राजेन्द्र त्यागी

**करंट क्राइम।** प्रसिद्ध समाजसेवी, भाजपा नेता, पूर्व पार्षद तथा व्यवसायी राजेंद्र त्यागी ने कहा कि जीवन में श्रेष्ठता, दिव्यता तथा परमात्मा प्रेम के लिए आध्यात्मिक ज्ञान आवश्यक है। पूर्व एसोसिएट प्रोड्यूसर ए बी पी न्यूज रश्मि पुंडीर ने कहा कि मैं पिछले एक महीने से आध्यात्मिक ज्ञान की पढ़ाई एवं राजयोग का अभ्यास कर रही हूं जिससे मैंने स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन अनुभव किया है।

### आध्यात्मिक जागृति के लिए 89 वर्षों से सेवारत है यह संस्थान : ब्रह्माकुमारी लवली

करंट क्राइम। स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी लवली ने कहा कि 89 वर्षों से यह संस्था सेवारत है। उन्होंने शिव परमात्मा का परिचय, उनसे आत्माओं का संबंध, उनके गुण व कर्तव्य, उनके अवतरण का समय, उनसे होने वाली प्राप्तियां तथा यथार्थ भक्ति करने का संदेश दिया। आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग का अभ्यास हमें सशक्त करता है और सच्ची शिवरात्रि मनाने की प्रेरणा देता है।

### गणमान्य लोग मौजूद रहे

करंट क्राइम। इस अवसर पर गाजियाबाद करेहड़ा से पार्षद विजेंद्र चौहान, इंदिरापुरम से पार्षद संजय सिंह, पूर्व पार्षद मंजू त्यागी, पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा, मकनपुर के पार्षद राधेश्याम त्यागी, डा. दिनेश त्यागी पूर्व आई.ए.एस.उपस्थित रहे। बी.के. डा. सीमा ने राजयोग की अनुभूति कराई तथा ब्रह्माकुमारी रूपा, दीपांशी, ब्रह्माकुमारी वृंदा, ब्रह्माकुमारी भावना ने कार्यक्रम की सारी व्यवस्था को देखा। ब्रह्माकुमार रमेश ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## विकास की राह पर निरंतर बढ़ रहा वार्ड 75 लाजपत नगर

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को वार्ड 75 लाजपत नगर के डी ब्लॉक के मकान संख्या डी 128 से डी 150 तक की



क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास वरिष्ठ समाजसेवी ईश्वर त्यागी द्वारा किया गया। ये सड़क क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाएगी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद कुमकुम चौधरी, सुरेश कासना, संजय मित्तल, शम्मी खान, बालू जैन, अभिषेक राणा, पूनम शर्मा, सुशीला शर्मा, रजनी यादव, गीता देवी, कृष्ण यादव, अमरेश मलिक, माया देवी आदि सम्मानितगण उपस्थित रहे।

## कौशांबी में कैलाश त्रिशूल और नगर निगम के सहयोग से सौंदर्यकरण कार्य का शुभारंभ



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शिवरात्रि के पावन पर्व पर कौशांबी स्थित शिवालिक टावर के सामने पुलिस चौकी के बीच वाली रोड पर शिवालिक कैलाश त्रिशूल और नगर निगम के सहयोग से सौंदर्य करण कार्य का शुभारंभ। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा किया गया इस जगह पर आई लव यू कौशांबी के नाम से एक लोगो लगाया गया और पौधे लगाए गए हैं। इस अवसर पर पार्षद द्वारा बताया गया क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं डाबर से लेकर आनंद विहार तक और जयपुरिया होते हुए उदयगिरि टावर से ईडीएम मार्ग तक सीएम ग्रीड में कार्य होना है दो फाउंटेन कौशांबी के मुख्य मार्ग में जल्दी लगने वाले हैं। जयपुरिया से लेकर आनंद विहार रोड पर काफी समय से अंधेरा रहता है वहां भी नए खंभे और लाइट जल्दी लगने वाले है क्षेत्र के नागरिकों द्वारा कौशांबी में निरंतर चल रहे विकास कार्यों के लिए पार्षद की सराहना की गई।

इस अवसर पर लता सिंगल, धीरज जैन, ललित गुप्ता, प्रभा सिंह, नीरा गुप्ता, प्राची बिंदु महेश्वरी, अरुण, राजेश भटनागर, भाजपा नेता अवधेश कटियार, करवा जनरल सेक्रेटरी सुमित कश्यप, विनय महेश्वरी, केवल सेठी, एके महेश्वरी, जगमोहन शर्मा, जयप्रकाश झा, श्याम वैश्य, गौरव वर्मा, अजय शर्मा, अनुज अग्रवाल, राजेश मनचंदा, सौरभय दीपक, गुटगुटिया संदीप, आनंद गीता महेश्वरी, राजेश मल्होत्रा, मुकुल गुप्ता, अतुल बंसल, अंजू झा सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

## शिप्रा रिवेयरा प्राचीन हनुमान मंदिर में शिवरात्रि का उमड़ा सैलाब

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शिप्रा रिवेयरा प्राचीन हनुमान मंदिर में शिवरात्रि जलाभिषेक बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। लगभग 2000 भक्तों ने सुबह पांच बजे से पंक्तिबद्ध हो भोलेनाथ की अर्चना, दूध-दही-शहद-जल-चन्दन-बैल पत्र-भांग धतूरा आदि चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण हेतु सपरिवार आशीर्वाद प्राप्त किया। मातृशक्ति एवं युवा बालिकाओं युवतियों में श्रद्धा भक्ति का रंग चढ़ा दिखा। इस अवसर पर मंदिर में सामूहिक विशेष आरती महाकुंभ एवं हरिद्वार से लाए गए गंगाजल से जलाभिषेक किया गया। चारों पहर सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यकम आयोजित किया गया। भक्तों को चंदन तिलक प्रसाद स्वरूप बेर फल ठंडाई बांटी गई एवं भंडारा गेट नं 1 पर किया गया। इस अवसर पर दिनेश शर्मा, विजय श्रीवास्तव, अक्षय शर्मा, भुवन रावत, प्राण मल्होत्रा, अजय कौशिक, प्रवीण सिंह, चन्दन कुमार, हरीश रावत, हेमन्त कुमार वाजपेयी, पंडित जीवैश मिश्रा, पंडित प्रमोद तिवारी आदि साथियों का सहयोग प्राप्त हुआ।



### शिवरात्रि पर लक्ष्य उड़ान फाउंडेशन ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** लक्ष्य उड़ान फाउंडेशन की तरफ से गुरुवार को हर वर्ष की भांति विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसको भंडारे में सभी शिवभक्त गणों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में गरीब 3000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एनजीओ की समस्त टीम और शिवभक्त जनों ने सहयोग कर इस भंडारे को सफल बनाया। एनजीओ की संस्थापक सुषमा गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए महादेव से प्रार्थना की, महादेव सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें, दीघार्यु करें सभी स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें।



### वीवीआईपी सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन में मनाई गई महाशिवरात्रि

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वीवीआईपी एड्रेस सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन में बहुत धूमधाम से महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। रुद्राभिषेक, भजन कीर्तन, जलाभिषेक आदि कार्यक्रम शिव उपासना विशेष दिवस में उल्लासपूर्वक पूरी सोसायटी के निवासियों ने मिलकर मनाया। मंदिर समिति की ओर से प्रसाद, ठंडाई, फल आदि वितरण किए गए। इस मौके पर ए ओ ए प्रभारी योगेश त्यागी, मन्दिर समिति के अध्यक्ष सतीश जैन, गौरव गर्ग, सौरभ अग्रवाल, नरवीन त्यागी, मदन त्यागी, आर पी त्यागी, मुकेश त्यागी, एस पी त्यागी आदि उपस्थित रहे।



# सैकड़ों कैदियों के बदले चार इस्राइली के शव सौंपेगा हमास, इसी हफ्ते खत्म हो रहा समझौता

**तेल अवीव ।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम के पहले चरण की समाप्ति से कुछ दिन पहले ही हमास सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में गुरुवार को चार मृत इस्राइली बंधकों के शव लौटाएगा। इस पर हमास ने कहा है कि हमास ने कहा है कि यह देरी उनके संघर्ष विराम का गंभीर उल्लंघन है और जब तक फलस्तीनियों को रिहा नहीं किया जाता, तब तक दूसरे चरण पर बातचीत संभव नहीं है।



### इस्राइली अधिकारी ने रिहाई की पुष्टि की

हमास के प्रवक्ता अब्दुल लतीफ अल-कानू ने बुधवार को बताया कि हमास अगले दिन चार इस्राइलियों के शव सौंप देगा। इसके बदले में, इस्राइल फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, साथ ही 7 अक्तूबर, 2023 को इस्राइल पर हमास के हमले के बाद से हिरासत में लिए गए भारी संख्या में महिलाओं और नाबालिगों को भी रिहा करेगा। एक इस्राइली अधिकारी ने पुष्टि की कि चार बंधकों के शव सौंपे जाने की उम्मीद है, लेकिन उन्होंने कोई और विवरण नहीं दिया। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर जानकारी साझा की।

इस्राइल और हमास ने मंगलवार को पहले ही कहा था कि बंधकों के शव लौटाने के लिए एक समझौता हो गया है, लेकिन कोई तारीख घोषित नहीं की गई थी। हमास ने बंधकों और चार मृत बंधकों के शवों को बड़े सार्वजनिक समारोहों में रिहा किया है, जिसके दौरान इस्राइलियों को परेड करवाई गई और बड़ी भीड़ के सामने हाथ हिलाने के लिए मजबूर किया गया। इसे इस्राइल, रेड क्रॉस और संयुक्त राष्ट्र ने अपमानजनक करार दिया था।

**इस्राइल ने हमास की तरफ से बंधकों की रिहाई के दौरान उनके साथ किए गए क्रूर व्यवहार के विरोध में शनिवार से लगभग 600 फलस्तीनी कैदियों की रिहाई में देरी की थी**

**15 महीने की लड़ाई के बाद जारी समझौता होगा खत्म** : नया समझौता युद्धविराम के पहले चरण के दोनों पक्षों के दायित्वों को पूरा करेगा - जिसके दौरान हमास लगभग 2,000 फलस्तीनी कैदियों के बदले में आठ शवों समेत 33 बंधकों को लौटा रहा है।

# शिकागो में टला बड़ा हादसा, विमान की लैंडिंग के दौरान रनवे पर आया दूसरा प्लेन

शिकागोः शिकागो के मिडवे एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश कर रहे साउथवेस्ट एयरलाइंस के विमान को अचानक उड़ान भरनी पड़ी, जब रनवे पर एक दूसरा विमान आ गया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एयरपोर्ट वेबकैम वीडियो में दिखाया गया है कि साउथवेस्ट विमान मंगलवार को सुबह 8.50 बजे सीएसटी पर उतर ही रहा होता है कि, जमीन छूने के बाद उड़ान भरने लगता है। क्योंकि दूसरा विमान रनवे पर दिखाई देता है।



### बाद में आसानी से विमान ने की लैंडिंग

वहीं इसके बाद के घटना की जानकारी साझा करते हुए साउथवेस्ट एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक कहा कि साउथवेस्ट फ्लाइट 2504 सुरक्षित रूप से उतरी, 'चालक दल ने रनवे में प्रवेश करने वाले दूसरे विमान के साथ संभावित टकराव से बचने के लिए एहतियाती तौर पर चक्कर लगाया।' 'चालक दल ने सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया और विमान बिना किसी घटना के उतरा।'

### एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और पायलट ने दिखाई सूझबूझ

इस घटना के दौरान फ्लाइट क्रू और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच बातचीत में यह सुनाई दिया कि कंट्रोलर ने पायलट से कहा, 'साउथवेस्ट 2504, गो-अराउंड' और फ्लाइट को 3,000 फीट तक चढ़ने के निर्देश दिए गए।

# महाशिवरात्रि पर नेपाल पहुंचे भारतीय सेना के छह पूर्व प्रमुख, पशुपतिनाथ मंदिर में किया विशेष पूजन

**नई दिल्ली ।** भारतीय सेना के छह पूर्व प्रमुखों ने मंगलवार को महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर नेपाल के काठमांडू में स्थित प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। ये पूर्व सेना प्रमुख नेपाल सेना के निमंत्रण पर नेपाल पहुंचे थे,



जिसमें जनरल जोगिंदर जसवंत सिंह, जनरल दीपक कपूर, जनरल विजय



कुमार सिंह, जनरल दलबीर सिंह सुहाग, जनरल मनोज मुकुंद नरवाने और जनरल मनोज पांडे शामिल थे। इन सभी को नेपाल के स्थानीय अधिकारियों द्वारा पूजा अर्चना के लिए पशुपतिनाथ मंदिर में ले जाया गया। पूजा के बाद, पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट ने इन प्रमुखों को रुद्राक्ष की माला और स्कार्फ भेंट किए।

बता दें कि ये पूर्व सेना प्रमुख महाशिवरात्रि समारोह और नेपाल सेना की 262वीं स्थापना वर्षगांठ में भाग लेने के लिए नेपाल आए हैं। भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच मानद रैंक प्रदान करने की परंपरा बहुत पुरानी है, जो दोनों देशों के बीच सैन्य और रणनीतिक संबंधों को दर्शाती है।

पिछले साल, नवंबर 2024 में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नेपाल का दौरा किया था, जहां उन्हें नेपाली सेना के जनरल की मानद रैंक दी गई थी। इसके बाद दिसंबर 2024 में, नेपाली सेना के प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने भारत यात्रा के दौरान भारतीय सेना के जनरल की मानद रैंक प्राप्त की।

### पशुपतिनाथ मंदिर और महाशिवरात्रि, एक नजर

गौरतलब है कि पशुपतिनाथ मंदिर, जो भगवान शिव को समर्पित है, बागमती नदी के किनारे स्थित है और इसे 1970 के दशक में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था। यह मंदिर हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। वहीं आज महाशिवरात्रि का त्योहार है। ये त्योहार आध्यात्मिक विकास का प्रतीक है और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक भी मानी जाती है।

# सीनेट ने डैन ड्रिस्कॉल को सेना सचिव नियुक्त किया

## पहले जेडी वेंस के सलाहकार के रूप में कर चुके है काम

**वॉशिंगटन ।** सीनेट ने मंगलवार को डैन ड्रिस्कॉल को अगले सेना सचिव के रूप में नियुक्त करने की पुष्टि की। पूर्व सैनिक और इराक युद्ध के दिग्गज ड्रिस्कॉल को 66-28 वोटों से इस पद पर नियुक्त किया गया। बता दें कि उत्तरी कैरोलियना के रहने वाले 38 वर्षीय ड्रिस्कॉल पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के सलाहकार के रूप में काम किया था। उन्होंने सेना में चार साल से भी कम समय तक सेवा की थी और प्रथम लेफ्टिनेंट के पद पर सेवा छोड़ दी थी।



सीनेट सशस्त्र सेवा समिति की पुष्टि सुनवाई के दौरान डैन ड्रिस्कॉल ने कहा कि उनके पिता और दादा ने भी सेना में सेवा की थी, और उन्होंने सैनिकों की जरूरतों को प्राथमिकता देने वाले सेना सचिव बनने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा परिवार हैं जो संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना की वर्दी पहनने का सौभाग्य पाकर आभारी हैं और हम यह समझते हैं कि युद्ध में और युद्ध के बाहर सैनिकों का नेतृत्व करना कितनी गंभीर जिम्मेदारी है।

हथियार प्रणाली की बात ड्रिस्कॉल ने बताया कि वह एक ऐसी सेना की कमान संभाल रहे हैं जो भर्ती में कमी को दूर करने के लिए कई बदलाव कर रही है, साथ ही अपने हथियार प्रणालियों को आधुनिक बना रही है। इसके अलावा, उन्हें ट्रम्प प्रशासन के दौरान सरकारी कर्मचारियों की संख्या में की गई कटौतियों के परिणामस्वरूप उत्पन्न अराजकता और भ्रम से भी निपटना होगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इन कटौतियों से राष्ट्रीय सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े ड्रिस्कॉल ने खाई थी कसम सीनेट सशस्त्र सेवा समिति की सुनवाई के दौरान, ड्रिस्कॉल ने कहा कि उनके परिवार ने सेना में लंबे समय से सेवा की है। उन्होंने सैनिकों की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सेना सचिव बनने की कसम खाई थी।

# गूगल हारी एंड्रॉयड ऑटो एक्सेस लड़ाई

## यूरोपीय संघ की अदालत ने इतालवी निगरानी संस्था का किया समर्थन

**नई दिल्ली ।** शीर्ष यूरोपीय अदालत ने मंगलवार को इटली के अविश्वास प्राधिकरण का पक्ष लेते हुए कहा कि अल्फाबेट इकाई गूगल द्वारा विकसित ई-मोबिलिटी एप (एनेल) को अपने एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म तक पहुंच न देना, इसकी बाजार शक्ति का दुरुपयोग माना जा सकता है। इतालवी निगरानी संस्था ने एंड्रॉइड ऑटो पर एनेल के जूसपास को ब्लॉक करने के लिए 2021 में गूगल पर 10.2 करोड़ यूरो (10.67 करोड़ डॉलर) का जुमार्ना लगाया। इसी के साथ एंड्रॉइड ऑटो एक्सेस पर गूगल इस मुद्दे का हल करके भी एक तरह से लड़ाई को हार गई है।

यह सॉफ्टवेयर ड्राइवरों को उनकी कार के डैशबोर्ड पर मानचित्रों के साथ नेविगेट करने और पहिये के पीछे संदेश भेजने की अनुमति देता है। गूगल,




जिसने जूसपास को एंड्रॉइड ऑटो के साथ संगत बनाने से इन्कार करने के लिए सुरक्षा चिंताओं और एक विशिष्ट टेम्पलेट की अनुपस्थिति का हवाला दिया था, ने इतालवी काउंसिल ऑफ स्टेट में निर्णय को चुनौती दी थी। इसने बाद में लक्जमबर्ग स्थित यूरोपीय संघ के न्यायालय (सीजेईयू) से मार्गदर्शन मांगा था। गूगल ने अब इस मुद्दे को हल कर लिया है, लेकिन यह निर्णय भविष्य में इसी तरह की स्थितियों में प्रमुख कंपनियों की कार्रवाइयों का मार्गदर्शन कर सकता है।

# इट हाउस का बड़ा कदम, प्रेस पूल में नए आउटलेट्स को मिलेगा मौका

**वॉशिंगटन ।** व्हाइट हाउस ने एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रपति से सीधे सवाल पूछने को लेकर प्रेस पूल में नए आउटलेट्स को मौका देने की घोषणा की है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि दशकों से व्हाइट हाउस प्रेस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन यह तय करती आई थी कि कौन से पत्रकार राष्ट्रपति से सवाल पूछ सकते हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब व्हाइट हाउस प्रेस टीम यह तय करेगी कि कौन से मीडिया आउटलेट्स प्रेस पूल का हिस्सा बनेंगे। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट कहा कि राष्ट्रपति के साथ प्रेस सवाल-जवाब एक विशेषाधिकार है, जो अब तक केवल कुछ ही लोगों को दिया गया था। उन्होंने बताया कि अब व्हाइट हाउस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अमेरिकी जनता तक अधिक पारदर्शिता पहुंचे और दृश्यता मिले।



नए-नए आउटलेट्स को प्रेस पूल में मौका

लेविट ने कहा कि अब पारंपरिक मीडिया आउटलेट्स के साथ-साथ नए आउटलेट्स को भी प्रेस पूल में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, व्हाइट हाउस में एक नई मीडिया सीट जोड़ी जाएगी, और पांच प्रमुख टेलीविजन नेटवर्क्स के बीच रोटेशन जारी रहेगा। वे अतिरिक्त स्ट्रीमिंग सेवाएं भी जोड़ेंगे जो पारंपरिक टीवी और केबल से अलग दर्शकों तक पहुंचेगी। राष्ट्रपति से सीधे पूछेंगे सवाल लेविट ने कहा कि अब डीसी-आधारित पत्रकारों के एक छोटे से समूह को प्रेस एक्सेस का विशेषाधिकार नहीं होगा।

# चीनी जासूसी गुब्बारे मामले में पूर्व स्पीकर-अधिकारियों को धमकाना पड़ा भारी, शख्स को अब काटनी पड़ेगी सजा

**बिलिंग्स ।** अमेरिका के मोंटाना राज्य के बिलिंग्स के रहने वाले एक व्यक्ति को पूर्व हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी को धमकी देने के मामले में सजा मिल सकती है। बता दें कि, यह व्यक्ति चीन के जासूसी गुब्बारे को न गिराने से इतना नाराज हो गया था कि उसने सरकारी अधिकारियों को फोन कर धमकियां दीं।




जानकारी के मुताबिक, 45 वर्षीय रिचर्ड रॉजर्स ने 3 फरवरी 2023 को 75 मिनट के अंदर पूर्व हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी के कार्यालय में 100 से अधिक फोन कॉल किए। यह घटना तब हुई जब पेंटागन (अमेरिकी रक्षा विभाग) ने स्वीकार किया कि वह चीन के जासूसी गुब्बारे पर नजर रख रहा है। यह गुब्बारा बाद में अटलांटिक महासागर में गिराया गया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान रिचर्ड रॉजर्स ने एफबीआई और मैक्कार्थी के कार्यालय को किए गए कॉल में भद्दी और अश्लील बातें कही थीं। अदालत में उसने सफाई दी कि यह उसका नागरिक अवज्ञा (सिविल डिसओबीडिएंस) का तरीका था और वह सिर्फ अपनी बात रखना चाहता था। सजा क्या हो सकती है अदालत ने रिचर्ड रॉजर्स को कांग्रेस सदस्य को धमकी देने और सरकारी एजेंसियों को परेशान करने का दोषी पाया। इस अपराध के लिए अधिकतम 6 साल की जेल और 2.5 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) का जुमार्ना हो सकता है। हालांकि, रॉजर्स का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए उसे कम सजा मिल सकती है।

इस मामले में सरकारी वकीलों ने अदालत से कहा कि यह मामला एक कड़ा संदेश देने का मौका है कि सरकारी अधिकारियों को धमकी देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत नहीं आता। उन्होंने रिचर्ड रॉजर्स को 2 साल जेल की सजा देने की मांग की। वहीं, बचाव पक्ष के वकील ने अनुरोध किया कि रिचर्ड रॉजर्स को जेल न भेजा जाए और उसे सिर्फ निगरानी में रखा जाए।

### अमेरिका में बढ़ रहे धमकी के मामले

हाल के वर्षों में अमेरिका में नेताओं और सरकारी अधिकारियों को धमकी देने के मामले तेजी से बढ़े हैं। 2023 में अमेरिकी कैपिटल पुलिस ने ऐसे 8,000 से अधिक मामलों की जांच की। पिछले साल, मोंटाना के ही एक अन्य व्यक्ति को अमेरिकी सीनेटर जॉन टेस्टर और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिस इस मामले में 2.5 साल की जेल हुई थी।

# महाकुंभ परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम, हार्वर्ड के प्रोफेसर्स भी अध्यात्मिक आयोजन के हुए मुरीद

**न्यूयॉर्क ।** विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ आयोजन के मुरीद हो गए हैं। उनका कहना है कि महाकुंभ न सिर्फ आध्यात्मिकता बल्कि वाणिज्य के आध्यात्मिकता से मिलन और परंपरा और तकनीक के संगम का उदाहरण भी है। बुधवार को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ ही इस महा आयोजन का समापन भी हो जाएगा।

**न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने किया कार्यक्रम का आयोजन** :अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। 'इनसाइट फ्रॉम वर्ल्ड लार्जेस्ट स्प्रिचुअल गैदरिंग- महाकुंभ' नाम से आयोजित इस चर्चा में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर पाउलो लेमन, हार्वर्ड के




डिविनिटी स्कूल की प्रोफेसर डायना ईसीके, प्रोफेसर तरुण खन्ना और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल की प्रोफेसर तियोना जुजुल शामिल हुईं। प्रोफेसर्स ने साल 2013 के महाकुंभ के अपने अनुभव साझा किए और इस साल के आयोजन के विभिन्न आयामों जैसे आध्यात्मिकता, प्रौद्योगिकी, प्रशासन और परंपरा-तकनीक और अर्थव्यवस्था के संगम पर चर्चा की।

**महाकुंभ आयोजन की तारीफ में क्या बोले हार्वर्ड प्रोफेसर्स** : प्रोफेसर तरुण खन्ना ने कहा कि 'वह निजी तौर पर इस बात से हैरान होते हैं कि महाकुंभ परंपरा और प्रौद्योगिकी का संगम है और इसी तरह से कोई समाज विकसित होता है। महाकुंभ में धर्म और तकनीक मिलते हैं।' उन्होंने महाकुंभ में सफाई व्यवस्था की जमकर तारीफ की। प्रोफेसर डायना ईसीके ने बेहद कम समय में महाकुंभ मेला क्षेत्र को बनाए जाने और उसमें सभी आधुनिक सुविधाएं देने की तारीफ की। साल 2013 में कुंभ में आईं प्रोफेसर जुजुल ने कहा कि महाकुंभ में व्यापार और अर्थव्यवस्था का आध्यात्मिकता से जुड़ाव दिखता है। साथ ही महाकुंभ के आयोजन में रसद आपूर्ति की चुनौती से जिस तरह से निपटा जाता है, वह भी काबिले तारीफ है। प्रोफेसर जुजुल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि साल 2037 में होने वाले महाकुंभ में वे फिर से भारत जा सकेंगी। गौरतलब है कि 13 जनवरी 2025 से शुरू हुए महाकुंभ आयोजन में अब तक 66 करोड़ लोग पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

# प्यार की आड़ में धोखाधड़ी महिला ने कई लोगों को ड्रग्स देकर बनाया शिकार

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में एक हैरान करने वाला अपराध सामने आया है। दरअसल अमेरिका के लास वेगास की रहने वाली एक महिला ने डेटिंग एप के जरिए पहले लोगों को प्रेमजाल में फंसाया और फिर उन्हें डेट पर बुलाकर



उनके साथ लूटपाट की। लूटपाट के लिए महिला ने ड्रग्स का इस्तेमाल किया। एक मामले में अत्यधिक ड्रग्स के इस्तेमाल से एक व्यक्ति की कथित तौर पर मौत हो गई। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है और उन पर लगे आरोपों के चलते उसे उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। लास वेगास की रहने वाली महिला ऑरोरा फ्लेप्स ने विभिन्न डेटिंग एप के जरिए कई पुरुषों को पहले अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर उन्हें डेट पर बुलाकर उन्हें धोखे से ड्रग्स दिया।

# बिजली गुल होने से अंधेरे में डूबा दक्षिण अमेरिकी देश चिली, सरकार ने लगाया आपातकाल

**नई दिल्ली ।** चिली में मंगलवार को अचानक बिजली गुल होने से पूरा जनजीवन थम गया और देश का अधिकांश हिस्सा अंधेरे में डूब गया। इसके चलते यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और इंटरनेट सेवा भी ठप हो गई। इंटरनेट बंद होने से व्यवसाय और दैनिक जीवन भी थम गया। अधिकारी बिजली बहाल करने की कोशिशों में जुटे हैं। हालात को देखते हुए चिली की सरकार ने आपातकाल की घोषणा कर दी है और रात में अनिवार्य रूप से कर्फ्यू लागू कर दिया है।



### हालात अभी और बिगड़ सकते हैं

बिजली गुल होने के बाद दुनिया के सबसे बड़े तांबा उत्पादक देश ने खनन कार्य भी बंद हो गया है। कई इलाकों में लोगों ने पानी की कमी की शिकायत की है क्योंकि बिजली से चलने वाले पंप नहीं चल पा रहे हैं। हालांकि आपातकालीन जनरेटर्स की मदद ने अस्पतालों और सरकारी कार्यालयों को चालू रखने की कोशिश की जा रही है। चिली सरकार की आंतरिक मामलों की मंत्री कैरोलिना तोहा ने चेताया है कि हालात और खराब हो सकते हैं क्योंकि अभी तक बिजली गुल होने का कारण पता नहीं चल सका है।

### हालात संभालने के लिए सेना सड़कों पर उतरी

हालात इस कदर खराब हैं कि अंधेरे में डूबे इलाकों में लोगों की सुरक्षा के लिए चिली की सरकार ने सेना उतार दी है। साथ ही सुरक्षाबल के जवान ही अंधेरी सड़कों पर ट्रैफिक का प्रबंधन कर रहे हैं। सारे व्यापार, फिल्म थियेटर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल आयोजन सब रद्द हो गए हैं। इन हालात से लोगों में असमजस और भय की स्थिति है। सरकार ने लोगों से घरों के भीतर रहने की अपील की है। इसके चलते देश में हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# भाजपा ने किया केंद्रीय बजट संगोष्ठी का आयोजन

## 50 लाख 65 हजार करोड़ के बजट से विकसित भारत को लगेंगे पंख : नरेन्द्र कश्यप




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा ने मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज के सभागार में केंद्रीय बजट को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे योगी सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर केंद्रीय बजट पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा तय करने वाला बजट है। 50 लाख 65 हजार करोड़ के बजट से विकसित भारत के संकल्प को निश्चित रूप से नए पंख लगेंगे। केंद्र सरकार ने बजट 2025-2026 में हर नागरिक का ध्यान रखा है। बजट के लक्ष्य में विकसित भारत 2047 का रोड मैप बनाया गया है। देश का बजट बुनियादी और आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट महिलाओं, किसानों, गरीबों और युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला साबित होगा। नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर स्लैब लागू नहीं होना मध्यम वर्ग को सीधा लाभ देगा।

## बजट पूरी तरह से लोक कल्याणकारी : संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बजट पूरी तरह से लोक कल्याणकारी है, जिसमें सर्वांगीण विकास की अवधारणा समाहित है। उन्होंने मंचासिन सभी अतिथियों, महानगर पदाधिकारियों, मोर्चा टीम, पार्षद गण, मंडल अध्यक्ष एवं उनकी टीम के संगोष्ठी में पधारने पर आभार जताया। गोष्ठी का संचालन महानगर उपाध्यक्ष रनीता सिंह ने किया। केंद्रीय बजट संगोष्ठी में वक्ता के रूप में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, सरदार एसपी सिंह, बलदेव राज शर्मा, अशोक गोयल, राजेश्वर प्रसाद, अमरदत्त शर्मा, महेश अग्रवाल, बृजेश्वर निम्मी ने भी बजट के खास बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अन्य मंचासीन पदाधिकारियों में महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक सुशील गौतम, उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष भूषण सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** आजकल पार्षद राजीव शर्मा शब्दों को बहुत तोलते हैं? हम देख रहे हैं अब वो बहुत कम बोलते हैं? अब शांति से ही निकालते हैं वो समस्याओं का समाधान? हमने देखा जब उनके प्रिय वीरू को किसी बात पर गुस्सा आया? तो उन्होंने उनके गुस्से को किया बहुत ही शिद्दत से शांत? कहा मैं आपकी बात से रखता हूं इत्तेफाक? मगर ये भी सच है कि खामोश रहने का आनंद ही है कुछ और साहब? ना जाने की राजीव भैया आजकल कर रहे हैं इतनी आध्यात्मिक बात?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज कल बदले-बदले से नजर आ रहे हैं हैवीवेट वालों के तेवर? फ्रंट फु ट पर आकर मार रहे हैं वो रोजाना शॉट? बैठे थे बहुत से कार्यकर्ता उनके साथ? उन्होंने करा दिया सबको अध्यक्ष वाली पसंद का एहसास? कहा मैंने नंबर वन पर किया है अपने प्रिय गोयल को सपोर्ट? नंबर वन पर दिया है मैंने उनको ही वोट? मैंने ही मजबूत की है कोर में इस कर्मठ चेहरे की रिपोर्ट?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुन रहा था सुनने वाला हैवीवेट वालों की बात? उसने कहा कि जिसको आपने दिया है अपना वोट? उसको पार्टी के वैश्य चेहरे ने कहां किया है सपोर्ट? ऐसा होने से आप दोनों के बीच हो रहा है दूरियों का एहसास? इस पर हैवीवेट वालों ने फिर से अपनी जोरदार प्रतिक्रिया दी? कहा मैं किसी के निजी विवाद पर नहीं लेता हूं फैसला? मैं तो संगठन की रूपरेखा पर करता हूं काम? गोयल साहब पार्टी के बहुत पुराने कार्यकर्ता हैं? ऐसे चेहरे को मिलना चाहिए अध्यक्ष वाला ईनाम? इसलिए मैंने नंबर वन पर लिया है इस चेहरे का नाम?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** मंत्री जी यहां पर भी नहीं डाऊन कर रहे थे अपना बल्ला? उनके जोरदार शॉट मचा रहे थे हल्ला? उन्होंने इस बात पर भी कर दिया स्पष्ट? कहा मैंने मिस्टर कुशवाहा के लिए किसी से कोई कमिटमेंट नहीं किया था? जो नाम सबसे सक्रिय हैं, वहीं मैंने कोर में दिया था? मैंने खद प्रिय कुशवाहा से किया था कोई भी समर्थन देने के लिए इंकार? वो व्यक्ति बहुत अच्छे हैं, मेरा है उनसे दिल का लगाव? मगर संगठन के मामले में मेरे उन वालों से थोड़े भिन्न हैं विचार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैडम भक्ति गाजियाबाद की राजनीति में नहीं दिखा रहीं हैं ज्यादा शक्ति? ना ही हैं उनकी महिला फ्रंट का कमांडर बनने की आस? उन्होंने इस बात को कर दिया है क्लीयर? कहा है मेरा टारगेट कुछ और है साहब? मैं कर रही हूं बरेली क्षेत्र से विधानसभा चुनाव की तैयारी? वहीं से खेलनी हैं मुझे राजनीतिक पारी? त्यागी दीदी बेहतर तरीके से संभाल रही हैं अपनी इस वक्त जिम्मेदारी?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर आप भगवा मैदी जी की भावनाओं को करोगे थोडा सा पुश? तो आपको इस वक्त नजर आयेंगे वो बहुत ज्यादा खुश? सुना है पहली बार ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि से उनको किया था इन्वीटेशन के लिए फोन? वो हैरान हो गये थे जब बजी थी मैडम की उनके फोन पर टोन? हमें पता चला है वो फोन आने की खुशी कर रहे थे कई लोगों से शेयर? कह रहे थे इस तरह की घटनाएं घटती है मेरे साथ बहुत ही रेयर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात तो सभी जानते हैं हैवीवेट वाले पूरे प्रेम से अपने प्रिय त्यागी को कितना मानते हैं? ऐसे में कोई अन्य त्यागी चेहरा ये सोचे कि कोर की बोर में लिया होगा हैवीवेट वालों ने उनका नाम? हम तो चाहते हैं ऐसे चेहरे गलतफहमी को छोड़ कर हकीकत में आयें, कुछ और ही करें इंतजाम? कहने वाले ने कहा वैसे भी अध्यक्ष की घोषणा अब हो रही है लेट? ऐसे में बाकी त्यागी चेहरे अपने दूसरे संबंधों को थोडा कर लें अपडेट? उनका तो मामला अपने प्रिय त्यागी के लिए ही है सेट?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे हैवीवेट वालों के यहां मौजूद? यहां पर बहुत सारी घटनाओं का घटना जारी था यार? यहां पर कुछ ऐसा भी हुआ जिससे पता चला कि युवा मोर्चा के संदीप चौधरी करते हैं मंत्री जी से कितना प्यार? उन्होंने जब मंत्री जी को दिया अपने प्रोग्राम में आने का इन्वीटेशन? तब मंत्री जी ने अपनी व्यस्तताओं का किया इजहार? ये सुन कर युवा चौधरी ने कहा आपके बिना तो मैं त्याग दूंगा पूरा प्रोग्राम? आपके अलावा कोई भी नहीं हैं मुझे अपने कार्यक्रम में स्वीकार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गोयल ने चलाई कुछ ऐसी पवन? जिसके बाद आ गई बड़े गुर्जर चेहरे और मिस्टर मोहन के फेस पर मुस्कुराहट? सुना है दोनों के बीच में कुछ दिन पहले खराब हो गई थी बात? यहां पर निभाई पूरे पवन की ताकत से गोयल साहब ने अहम भूमिका? जिससे फिर दोनों के एक हो गये जज्बात? पता चला है अब ना ये पक्ष नाराज है ना ही है अब वो वाला पक्ष नाराज?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** जैसी कही पूरे मान से उन्होंने बात? ऐसे अध्यक्ष पद का कोई भी दावेदार नहीं निकालता है अपने जज्बात? उन्होंने तमाम कार्यकताओं के बीच में किया अपने बड़े दिल का मयार पेश? कहा अध्यक्ष अगर महिला या एससी चेहरे में कोई बनेगा तो इससे खुश होगा मेरा फेस? लंबे समय से नहीं मिला है इन चेहरों को संगठन की प्रमुख भूमिका में स्थान? अगर आज इनको मौका मिलेगा? तो कल जमीन पर और मजबूत होगा हमारी पार्टी का पैगाम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## पूजा -अर्चना




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने महाशिवरात्रि पर श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। महंत नारायण गिरी ने पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी को आशीर्वाद दिया।

## 2025 का बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट : नरेंद्र कश्यप

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा केंद्र का बजट हर नागरिक को पहुंचा रहा है लाभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने अपना बजट जारी किया। बजट जारी करने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार रणनीति के तहत अपने सांसद, विधायकों, मंत्रियों से अलग-अलग जिलों में सरकार द्वारा आम जनता को बजट में सौंपे गए उपहार को बताया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद में पहुंचे और मुख्य वक्ता के रूप में उन्होंने प्रेसवार्ता का संचालन किया। यह आयोजन भाजपा महानगर अध्यक्ष व विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस प्रकार से बजट की रूपरेखा तैयार की थी, यह प्रत्येक भारतीय और नागरिक को ध्यान में रखकर बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं का बजट है। इससे भारतीयों के न सिर्फ सपने पूरे होंगे बल्कि भारत विकसित भारत मिशन के ट्रैक पर आगे भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा में तय करने वाला बजट है।



### 'हर शहर - हर गांव और हर घर में उद्यमी तैयार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध'

**करंट क्राइम।** केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा तय करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का बजट महिलाओं, किसानों, गरीबों और युवाओं के उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला साबित होगा। नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर स्लैब लागू नहीं होना मध्यम वर्ग को सीधा लाभ देगा। आगे मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि हर शहर हर गांव और हर घर में उद्यमी तैयार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने मुद्रा लोन के तहत बिना गारंटी वाले ऋण सीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख कर दिया है, जिससे छोटे कारोबारी, महिलाओं, दलित, पिछड़ों और वंचितों को काफी लाभ होगा। केंद्रीय बजट ने समाज के हर वर्ग को शक्ति प्रदान की है। यह गांव के गरीब किसानों को समृद्धि की राह पर ले जाएगा। गरीबी उन्मूलन और गरीबों के सशक्तिकरण से जुड़ी प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए नरेंद्र कश्यप ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री के द्वारा गरीबों के लिए 3 करोड़ घरों और जनजातीय उन्नत ग्राम के साथ 5 करोड़ जनजाति परिवारों की बुनियादी सुविधाओं से जोड़ेगा। इसके अलावा ग्राम सड़क योजना 25 हजार ग्रामीण क्षेत्रों को पक्की सड़कों से जोड़ेगा, जिसका लाभ आम जनों को मिलेगा।

### बजट में महिलाओं, किसानों, गरीबों और युवाओं को मिला है सम्मान

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र भारत राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने केंद्रीय बजट की तारीफ करते हुए कहा है कि इस बजट में ना सिर्फ केंद्र सरकार ने महिलाओं, किसानों, गरीबों और युवाओं के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखा है, बल्कि इसे भारत के भविष्य के लिहाज से उन्होंने बेहतर बताया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्येक नागरिक के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट को पास किया है। यह बजट 2047 की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को ध्यान में रख कर लाया गया है ताकि हर वर्ग का भला हो।

## वीर शहीद विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

### वीर सावरकर आजादी के महान ऐतिहासिक क्रांतिकारी : पप्पू पहलवान




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में गुरुवार को वार्ड 78 शहीद स्थल पर वीर शहीद विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया और पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने बताया वीर सावरकर भारत की आजादी के संघर्ष में एक महान ऐतिहासिक क्रांतिकारी थे। वह एक महान वक्ता, विद्वान, विपुल लेखक, इतिहासकार, कवि, दार्शनिक और सामाजिक कार्यकर्ता थे। वीर सावरकर का वास्तविक नाम विनायक दामोदर सावरकर था। वीर सावरकर का जन्म 28 मई 1883 को नासिक के समीप भागपुर गाँव में हुआ था। उनके बड़े भाई गणेश (बाबराव), उनके जीवन की प्रतिष्ठा का एक प्रमुख स्त्रोत थे। वीर सावरकर बहुत कम उम्र के ही थे, जब उनके पिता दामोदरपंत सावरकर और माता राधाबाई की मृत्यु हो गई थी। वीर सावरकर को उनके मुकदमे की जाँच के लिए 13 मार्च 1910 को लंदन से भारत भेजा जा रहा था, हालांकि अभी जहाज फ्रांस के मार्सिलेस में पहुँचा ही था कि वीर सावरकर वहाँ से बचकर भाग निकले, परन्तु फ्रांसीसी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें 24 दिसंबर 1910 को अंडमान में कारावास की सजा सुनाई गई। जेल में पुस्तकालय की स्थापना उनके ही प्रयासों का परिणाम था। उन्होंने जेल में अशिक्षित अपराधियों को शिक्षा देने की कोशिश की। विठ्ठलभाई पटेल, तिलक और गाँधी जैसे महान नेताओं की मांग पर सावरकर को 2 मई 1921 को भारत में वापस भेज दिया गया। 26 फरवरी 1966 में 83 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

इस अवसर पर सोशल वेलफेर सोसायटी अध्यक्ष डी एन कोल, प्रतीक माथुर, भूपेंद्र गोस्वामी, डब्बी पहलवान, लेखराज चावड़ी, हरीश गौड़, राकेश तोमर, अरविंद राणा, प्रमोद, सुमन सती, निशा चौहान, मदन लाल, जितेंद्र कुमार, सुनील शर्मा, विपिन अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं निवासी सम्मिलित हुए।

## साहिबाबाद में विकास कार्य का हुआ शुभारंभ : शशि खेमका



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** साहिबाबाद के सी ब्लॉक सूर्यनगर, ए ब्लॉक रामपुरी पार्क एवं बी ब्लॉक रामपुरी पार्क में निगम पार्षद शशि खेमका ने गुरुवार को सिलेक्शन नंबर 1 जिसे कारपेट घास भी कहते हैं, लगाने का सर्वे करवा लिया है। एक-दो दिन में पार्क की सख्त सतह पर ट्रैक्टर द्वारा जुताई करके काम शुरू हो जाएगा। फुटपाथ के साथ-साथ हेज भी लगवाई जाएगी और कुछ सुंदर पेड़ों के साथ पार्कों की सुंदरता को बढ़ाया जाएगा। अन्य पार्कों का भी सर्वे करवाया जाएगा। गुरुवार को सर्वे के समय मेरे साथ राजीव पांचाल, भूपिंदर जैन और नरेश जैन, पुरुषोत्तम गोयल एवं मुरलीधर बंसल उपस्थित रहे।

## धार्मिक आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महापौर सुनीता दयाल के आवास पर आयोजित सुंदर कांड पाठ में अतुल जैन सम्मिलित हुए। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे हुए गणमान्य जनों से मुलाकात हुई।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये एक पावन संयोग है कि रिंकू सिंह का जन्मदिन महाशिवरात्रि के पर्व पर आया। भाजपा नेता प्रदीप चौधरी ने अपने पुत्र देशांक सिंह रिंकू के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।